
www.anantgyaan.in



# अनंत ज्ञान



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शत्-शत् नमन

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 2 अक्तूबर 2024 | 17 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 286, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 6:14 सूर्यास्त 6:05

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू | 24.2 अधि |
| धर्मशाला | 16.5 न्यू | 28.9 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84266.29 |
| निफ्टी | 25796.90 |
| सोना | 76,910 |
| चांदी | 93,930 |

## अभिनेता गोविंदा को अपनी रिवॉल्वर से पैर में लगी गोली



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा (60) पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। वह रिवॉल्वर को अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। ऑपरेशन कर उनके पैर से गोली निकाल दी गई है। एक्टर फिलहाल खतरे से बाहर हैं। गोविंदा ने एक बयान में कहा कि चिकित्सकों ने पैर में लगी गोली निकाल दी है। मैं ठीक हूं।

## राहुल के खिलाफ मानहानि मामले की नौ को सुनवाई

**मुंबई।** रायबरेली से सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की मंगलवार को वादी के अधिवक्ता के अस्वस्थ होने के कारण टल गई। अब नौ अक्तूबर को सुनवाई होगी। अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर दर्ज मामले में 26 जुलाई को राहुल ने अदालत में अपना बयान रिकॉर्ड कराया था।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- उपमुख्यमंत्री ने एचआरटीसी के संग्रहालय एवं वाल ऑफ हॉनर का किया शुभारंभ -पेज 3
- बीडीओ टौणी देवी ने पंचायत प्रधान और पंचायत सचिव को जारी किए नोटिस -पेज 6
- लद्दाख गतिरोध पर बोले सेना प्रमुख स्थिति स्थिर, लेकिन सामान्य नहीं है -पेज 13
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दिलाई अल नसर को जीत -पेज 14


सुप्रीम कोर्ट की बुलडोजर एक्शन पर सख्त टिप्पणी, कहा- हमारे लिए जनता की सुरक्षा जरूरी

# मंदिर हो या दरगाह, सड़क निर्माण में बाधा नहीं बन सकते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को बुलडोजर एक्शन मामले का फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि फैसला आने तक देशभर में बुलडोजर एक्शन पर रोक जारी रहेगी। अभी सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की तारीख तय नहीं की है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि बुलडोजर एक्शन पर रोक में अवैध अतिक्रमण



**भारत धर्मनिरपेक्ष देश हम सभी के लिए करते निर्देश जारी**

शामिल नहीं होगा। सड़क हो, रेल लाइन हो, मंदिर हो या फिर दरगाह, अवैध अतिक्रमण हटाया ही जाएगा। हमारे लिए जनता की सुरक्षा ही प्राथमिकता है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि बुलडोजर एक्शन के दौरान आरोप लग रहे हैं कि समुदाय विशेष को निशाना बनाया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है।

हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं, न कि किसी खास समुदाय के लिए। कोर्ट ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। बुलडोजर एक्शन और अतिक्रमण विरोधी अभियान सभी नागरिकों पर लागू होंगे, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

### कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट पर टिप्पणी

**लॉ** वेबसाइट लाइव लॉ के सोशल मीडिया पर कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट पर दी गई दलीलों और निर्देशों का ब्यौरा दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट संजय हेगड़े ने पूछा कि अगर किसी का घर गिराया गया तो वह क्या करेगा। क्या वह बुलडोजर चलाने वाले के पीछे भागेगा? जस्टिस गवई ने कहा कि अगर आदेश नहीं माना गया तो एक्शन को सुधारा जाएगा। प्रॉपर्टी का नवीनीकरण होगा और पीड़ित को मुआवजा दिया जाएगा।

# ऊधमपुर में सबसे ज्यादा 72.91 प्रतिशत मतदान

जेएंडके विधानसभा चुनावः आखिरी चरण की 40 सीटों पर हुई वोटिंग



**एजेंसी, जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को शांतिपूर्वक खत्म हो गया। आखिरी और तीसरे चरण की 40 सीटों पर मतदान हुआ। 24 सीटें जम्मू डिवीजन और 16 सीटें कश्मीर घाटी की हैं।

जम्मू जिले में सबसे ज्यादा 11 सीटों और बारामूला में सात, कुपवाड़ा और कठुआ की छह-छह, उधमपुर की चार और बांदीपोरा और सांबा की तीन-तीन विधानसभा सीटों पर वोटिंग हुई। सात जिलों में शाम पांच बजे तक 65.48 फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91 फीसदी मतदान हुआ। सबसे कम बारामूला में 55.73 फीसदी मतदान हुआ। इसके साथ ही तीसरे चरण में उतरे 415 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई।

## सीएम सुक्खू आज पंचकूला में करेंगे चुनावी जनसभाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पंचकूला में चुनावी जनसभाएं करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह आठ बजे सड़क मार्ग से पंचकूला जाएंगे। पंचकूला में मुख्यमंत्री सुक्खू प्रधानमंत्री सहित भाजपा पर पलटवार करेंगे।



**रैली के बाद दिल्ली होंगे रवाना**

सुक्खू को हरियाणा में प्रचार के लिए स्टार प्रचारक नियुक्त किया है। सीएम अस्वस्थ होने के चलते हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए अधिक समय नहीं दे सके हैं। मुख्यमंत्री का जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में प्रचार के लिए जाना प्रस्तावित था, लेकिन अस्वस्थ होने के चलते नहीं जा सके। अब स्वास्थ्य में सुधार होते ही मुख्यमंत्री ने हरियाणा जाने का कार्यक्रम तय किया है। मुख्यमंत्री बुधवार दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। तीन अक्तूबर को सुक्खू दिल्ली में हाईकमान और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे।

## भारत और जमैका के बीच चार समझौते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कैरेबियाई** देश जमैका ने भारत को 'ज्ञान की राजधानी' बताते हुए अपने देश के लोगों के कौशल विकास, क्षमता निर्माण, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, लघु उद्योग, जैविक ईधन, नवान्वेषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्रों के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा में भारत से प्रौद्योगिकी आधारित समाधान हासिल करने का इरादा जाहिर किया है।

**दोनों देश रक्षा-सुरक्षा प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग बढ़ाएंगे**

पीएम नरेंद्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक हुई। बैठक में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन के वास्ते वित्तीय समावेशन के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रुपे भुगतान प्रणाली, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा खेलों को लेकर आपसी सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।



### जमैका के साथ संबंधों को मिलेगी नई ऊर्जा : मोदी

**मोदी** ने बैठक के बाद पीएम ने होलनेस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि आज पहली बार जमैका के प्रधानमंत्री भारत की द्विपक्षीय यात्रा पर आए हैं, इसलिए हम इस यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री होलनेस लंबे समय से भारत के मित्र रहे हैं। मुझे कई बार उनसे मिलने का अवसर मिला है और हर बार मैंने उनके विचारों में भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को महसूस किया है। मुझे विश्वास है कि उनकी यात्रा से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पूरे कैरेबियाई क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को नई ऊर्जा मिलेगी।

## जापान की संसद ने शिगेरु इशिबा को प्रधानमंत्री चुना



**तोक्यो।** जापान की संसद ने सत्तारूढ़ 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना।

इशिबा को शुक्रवार को 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' का नेता चुना गया था, ताकि वह फुमियो किशिदा की जगह ले सकें। फुमियो किशिदा के मंगलवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इशिबा के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था।





BEST CABS — BEST RECOGNITION PVT LTD | लूण Lunn | DHAKER FOUNDATION | ARNI UNIVERSITY bringing ambition to life | SSU PALAMPUR SRI SAI UNIVERSITY Transforming Dreams into Reality | Yogita AGRO SERVICE CHAMBA Mob. 7986969842, 9015936779

MOTHERKRAFT HOSPITAL Crafting Women's Health At Every Step | LAUREATE INSTITUTE OF PHARMACY V.P.O. KATHOG TEH. JAWALAMUKHI DISTT. KANGRA (H.P.) 176031 | BHUSHAN JEWELLERS SOLAN | JEE/NEET/NDA HIM ACADEMY HAMIRPUR (H.P.) Ph.: 01972-222648, 9816021400 | BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL A Diabetes Gastro Centre 98055-73338, 94184-73338 | LAUREL PUBLIC SEN. SEC. SCHOOL Gandhinagar Distt. Kullu | SATYAM COLLEGE OF NURSING LANJOT SHAHPUR | PANCHSHEEL HOSPITAL SKIN & ORTHOPAEDIC CENTRE NAGROTA BAGWAN | SHANTI NIKETAN COLLEGE OF EDUCATION HAMIRPUR (H.P.)

Shivambu INTERNATIONAL BDM | INDUS INTERNATIONAL UNIVERSITY | KULLU CONVENT SCHOOL (KULLU) | KAUSHAL ROLLER FLOUR MILL PVT. LTD. PLOT-3, IND AREA TAHLIWAL, DISTT. UNA | LALIT & Bros. SARKAGHAT Sale & Service: Mobile, L.E.D. Frez, Watches, Washing Machine & all type of Home appliances | RATTAN JEWELLERS Bhawarna Lower Bazar Mob. 9882749027 राजू (गढ़ वाले) | J P Acharya V.P.O. SAGOOR Teh. Baijnath Distt. Kangra (H.P.) | MS. KATNA TRADERS Opposite Bus Stand, Nadaun Mob. 8891500003 | New GURUKUL Study & Service | BUDHA MAL & SONS JEWELLERS PALAMPUR | NEW NANDA JEWELLERS Grand Plaza, Shop No. 30-31 Palampur, MOB. 91293-51290 | S.M. EYE HOSPITAL Ghurkari, Kangra (H.P.) 9816164471, 9736278311

# जवान विनय का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## नम आंखों से दी गई वीर सपूत को अंतिम विदाई, छोटी बहन नेहा ने दी मुखाग्नि

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में मंगलवार को मकरीडी उपतहसील के पिपली पंचायत के गांव पोहल के डोगरा रेजिमेंट में सेना के जवान विनय कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर डोगरा रेजिमेंट सेना की एक टुकड़ी ने विनय कुमार की पार्थिव देह को सलामी दी।

जोगिंद्रनगर एसडीएम मनीश चौधरी भी इस दौरान शामिल रहे। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल, माकपा नेता कुशाल भारद्वाज और जोगिंद्रनगर कांग्रेस के पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल ठाकुर शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने नम आंखों से विनय कुमार को अंतिम विदाई दी। स्थानीय लोगों ने 'विनय कुमार अमर रहे' के नारे लगाए और स्थानीय सरकारी स्कूल के बच्चों ने विनय कुमार की अंतिम यात्रा में फूलों की वर्षा कर विनय कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। विनय कुमार के घर में दो बहनें एक भाई है। जबकि उनके पिता मिस्त्री का काम करते हैं और छोटा भाई अनिल कुमार भी भारतीय सेना का जवान है जो कि सिक्किम में तैनात है। विनय कुमार की छोटी बहन नेहा ने अपने भाई को मुखाग्नि दी। बीते सोमवार को शाम के समय विनय कुमार का शव उनके पैतृक गांव पोहल में पहुंचा और विनय कुमार का परिवार शौक ग्रस्त हैं। उनकी माता ने बताया कि विनय कुमार एक महीने की छुट्टी पर घर आया था। उस दौरान विनय की दो बहनें पीलिया से ग्रसित हो गई। ऐसे में विनय ने 15 दिन की और छुट्टी ले ली और 45 दिन की छुट्टी के बाद 11 सितंबर को ही वह ड्यूटी पर लौटे थे, ड्यूटी पर लौटने के बाद उन्हें भी पीलिया हो गया था।

जिसका इलाज जालंधर कैंट अस्पताल में चल रहा था।, लेकिन यहां उन्होंने बीते रविवार को अंतिम सांस ली। प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर इस दौरान सेना के जवान के परिवार के साथ ही मिले।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि विनय कुमार के छोटे भाई जोकि अग्निवीर भर्ती हुए हैं, उन्हें भारतीय सेना में स्थाई रूप में नियुक्त किया जाए। उन्होंने प्रदेश मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनके एक परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, ताकि इस गरीब परिवार का पालन पोषण किया जा सके। (अनंत ज्ञान)


राजकीय सम्मान के साथ जवान विनय कुमार के माता-पिता को तिरंगा सौंपते हुए डोगरा रेजिमेंट के जवान

# पेंशनर्स के साथ सरकार का भेदभाव शर्मनाक समय से जारी हो पेंशन: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पेंशनर्स को महीनें की पांच तारीक को मिलने वाली पेंशन अब सरकार दस तारीख को देगी। सरकार हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स के साथ भेदभाव कर रही है। लंबे समय तक प्रदेश में अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ सरकार का यह भेदभाव शर्मनाक है।



पेंशनर्स के साथ सरकार यह भेदभाव क्यों कर रही है। जिन्हें अपने परिवार के साथ रहना चाहिए वह आज अपने हक की मांग को लेकर सड़कों पर हैं। क्या इसी दिन के लिए लोगों ने प्रदेश को अपनी सेवाएं दी है कि जब वह उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचे तो अपने हक के लिए सड़कों पर लड़ रहे हैं। सरकार पेंशन समय से देने से परहेज क्यों कर रही है। पेंशन लोगों का हक है और सरकार इस मुद्दे को हल्के में न ले। प्रदेश के लोगों को ऐसा व्यवस्था परिवर्तन नहीं चाहिए, जिसमें हर आदमी को अपने वाजिब हक के लिए सड़कों पर उतरना पड़े।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में हमेशा वेतन हर महीनें की एक तारीख को और पेंशन पांच तारीख को पेंशन आती थी, लेकिन सरकार सेनानिवृत्त कर्मचारियों को दस तारीख को पेंशन दी जाएगी। सरकार पेंशनर्स के साथ इस तरह का व्यवहार कर रही है, जैसे वह पेंशन देकर एहसान कर रही है। पेंशन उनका हक है, लेकिन सरकार ऐसे पेंशन दे रही है जैसे कि सरकार अपनी जेब से दे रही है। पेंशनर्स के भी निर्धारित खर्चे होते हैं। उन्हें अपनी दवाई और राशन का इंतजाम करना होता है। घर परिवार के खर्चे होते हैं। जब पेंशन देर से आएगी तो वह कहां से अपनी दवाई और खर्चे का इंतजाम करेंगे। इसलिए सरकार पेंशनर्स के मुद्दे को भी गंभीरता से विचार करे और पेंशन एहसान की तरह जारी करने की बजाय पेंशनर्स के हक की तरह समय से जारी करे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि सरकार पानी के दामों में फिर से दस फीसदी की बढ़ोतरी करने जा रही है। सत्ता में आने के बाद से सुक्खू सरकार की तरफ से एक भी ऐसी फैसला नहीं आया जिसकी वजह से प्रदेश के लोगों ने राहत की सांस ली हो।

## न्यूज ब्रीफ

### सोनिका बनीं मिसिज शान-ए-हिमाचल




**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** नादौन में 'हम है हिमाचल' थीम पर आयोजित प्रतियोगिता के संदेश के साथ मिसिज शान-ए-हिमाचल सीजन 5 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अवाहदेवी के साथ लगते चम्बोह गांव की सोनिका ने मिसिज शान-ए-हिमाचल 2024 का खिताब अपने नाम कर इलाके का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उन्हें मॉडलिंग का शौक था और आज इस उपलब्धि को पाकर वह बहुत खुश हैं। मिसिज शान-ए-हिमाचल -2024 के आयोजन में हिमाचल के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें मिस, मिस्ट्रेस केटेगरी शामिल थी, यह प्रतियोगिता दो दिन चली। सोनिका ने कहा है कि समाज के उत्थान में महिलाओं की अहम भूमिका है। लोग अपनी बेटियों की शिक्षा के लिए सजग रहें। आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्हें अपनी काबिलियत पर भरोसा होना चाहिए।

### नाहन में चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक नशा माफिया को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना रेणुका जी की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सुचना के आधार पर बागथन बाइफरकेशन बेचड़ का बाग पर नाकाबंदी करके एक व्यक्ति कृष्ण दत्त, निवासी गांव पैनकुफर, डाकघर जड़ोल टपरौली, राजगढ़, जिला सिरमौर के कब्जे से 900 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

### गांव रैली में सिलेंडर लीक होने से लगी आग

**एसके ठाकुर बड़सर।** गांव रैली में हरिजन बस्ती में राकेश कुमार पुत्र गुजर राम के घर खाना बनाने वाला गैस सिलेंडर अचानक लीक हो गया जिससे आग लग गई। इस घटना से घर का काफी नुकसान हुआ। आग को बुझाते समय परिवार का एक व्यक्ति जुलूस भी गया, जिसका बड़सर अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने मुश्किल से आग को काबू किया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही बड़सर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष ढटवालिया मौके पर पहुंचे और आगजनी की घटना का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को 9000 रुपए की फौरी राहत सरकार की ओर से दी गई है।

### नागटा की सोनाली को सुपर मॉडल अवार्ड

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हाल ही में एक मॉडलिंग शो चंडीगढ़ में दिनेश सरदाना और सनम गिल द्वारा करवाया गया जिसमें बैजनाथ उपमंडल नागटा (तरेहल) की सोनाली शर्मा को सेलिब्री गेस्ट बुलाया गया और उनकी वाक देख कि सब इतने प्रभावित हुए कि उन्हें सुपर मॉडल कि अवार्ड से नवाजा गया और सुपर मॉडल क्राउन होल्डर का टैग दिया गया। इससे पहले सोनाली शर्मा बहुत सारे ताज और टैग और अवार्ड ले चुकी है। हाल ही वह पंजाब और हरियाणा की इंडस्ट्री में काम कर रही है और हिमाचल का नाम रोशन कर रही है। इस सब का श्रेय सोनाली शर्मा न अपने पिता तिलक राज शर्मा और अपनी माता रजनी शर्मा को दिया है।



# उपमुख्यमंत्री ने एचआरटीसी के संग्रहालय एवं वाल ऑफ ऑनर का किया शुभारंभ

## स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर 12 अक्तूबर को भव्य समारोह का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर पुराना बस अड्डा शिमला में स्थित हिमाचल पथ परिवहन निगम के मुख्य कार्यालय में निर्मित संग्रहालय एवं वाल ऑफ ऑनर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वाल ऑफ हॉनर के माध्यम से हम यहां पर हिमाचल पथ परिवहन निगम के सफर को जान सकेंगे।

उन्होंने बताया कि 1974 से लेकर अब तक के फैसलों एवं अवार्ड्स अंकित किया गया है। इसके साथ-साथ हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों के मॉडल को भी अलग अलग स्थानों पर दर्शाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर निगम द्वारा 12 अक्तूबर होटल पीटरहॉफ को भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम के बड़े में इस समय लगभग 3000 हजार बसों का फ्लीट है।



### सरकार जल्द खरीदेगी 300 नई बसें

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति अनुसार बसों को डिजाइन करवाया जाएगा। सरकार जल्द ही 300 नई बसों की खरीद करने जा रही है, जिसके लिए टेंडर हो चुका है। इसके साथ-साथ वॉल्वो बसों का सारा फ्लीट भी बदलने के प्रयास किए जा रहे है। इस समय निगम के बड़े में 24 वॉल्वो बसें है।

### प्रतिदिन 50 लाख की सब्सिडी दे रहे

हिमाचल पथ परिवहन निगम प्रत्येक दिन रियायती सफर पर लगभग 50 लाख रुपये की सब्सिडी दे रही है, जिससे 27 श्रेणियां लाभान्वित हो रही हैं।

निगम के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 8 महीने से समय पर सैलरी एवं पेंशन देने के प्रयास किए जा रहे है। दिल्ली में हिमाचल पथ परिवहन निगम के ड्राइवरों एवं कंडक्टरों के लिए रहने सहने के अच्छे प्रबंध किए जाएंगे।

### एचआरटीसी 70 लाख लोगों की लाइफ लाइन

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम को व्यापारिक नजरिये से नहीं देख सकते बल्कि सामाजिक सरोकार की दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। हिमाचल पथ परिवहन निगम प्रदेश के 70 लाख लोगों की लाइफ लाइन है। हमारे निगम की बसे दिन रात लोगों को सेवाएं दे रही है। रात्रि सेवाओं का असली राजा तो एचआरटीसी ही है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में इस समय 94 प्रतिशत रूट हिमाचल पथ परिवहन निगम घाटे के रूट चला रही है परंतु जनसेवा की भावना से कार्य करते हुए घाटे के बावजूद निगम की बसें प्रदेश के लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा सके।

# ऑनलाइन मंचों से शक्तिपीठों से जुड़ रहे श्रद्धालु: सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आभासी (वर्चुअल) पूजा और लाइव दर्शन नए युग की पद्धतियां हैं जिनसे विश्व भर के श्रद्धालु खुद को प्राचीन तीर्थ स्थलों के साथ जुड़ा हुआ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं और प्रदेश के शक्तिपीठों के बीच बंधन को मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रही है। यह आभासी माध्यम नवरात्र में उन श्रद्धालुओं के लिए आशीर्वाद तुल्य है जो इन मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से जाने में असमर्थ हैं।



उन्होंने कहा कि प्रदेश के शक्तिपीठ विश्व भर से लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। धार्मिक पद्धतियों में तकनीक के एकीकरण द्वारा लोगों को दर्शन करने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से ऑनलाइन मंच विकसित किए गए हैं। कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी मंदिर, वज्रेश्वरी मंदिर और चामुंडा मंदिर में आभासी माध्यम से पूजा, धार्मिक सामग्री जैसे प्रसाद और दान की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं को विशेष पूजा, मुंडन संस्कार और डाक से प्रसाद प्राप्त करने की सुविधा भी दी जा रही है जिसका श्रद्धालु पूरा लाभ उठा रहे हैं। सरकार द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि धार्मिक अनुष्ठानों की पवित्रता कायम रहनी चाहिए और आभासी माध्यम से परंपराओं को पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ निभाया जाए।

सुक्खू ने कहा कि ऊना जिले के माता चिंतपूर्णी मंदिर, हमीरपुर जिले के बाबा बालक नाथ मंदिर और शिमला के जाखू मंदिर में श्रद्धालुओं को ऑनलाइन दर्शन की सुविधा दी जा रही है। लाखों श्रद्धालु तकनीकी उन्नति का भरपूर लाभ उठाकर देवी-देवताओं के आनलाइन दर्शन कर पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई तीर्थ स्थलों के सोशल मीडिया हैंडल बनाकर भी श्रद्धालुओं को दर्शन करवाए जा रहे हैं।

# कैबिनेट मंत्री नेगी ने किए विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

सांगला घाटी प्रवास के दूसरे दिन राजस्व, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने रकछम, छितकुल व बटसेरी में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से निर्मित कार्यों का लोकार्पण किया व शिलान्यास रखा।

मंगलवार को राजस्व मंत्री ने सेरिंगचे में वन रक्षक निवास भवन व रक्छम में संपर्क सड़क यूक्टो का लोकार्पण किया। इसके उपरांत नेगी छितकुल में मल निकासी योजना का शिलान्यास रखा। केबिनेट मंत्री ने छितकुल महिला मंडल भवन का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर नेगी ने छितकुल व रकछम के ग्रामीणों की शिकायतें भी सुनी। इसी तरह राजस्व मंत्री ने बटसेरी में उख्यांग सनतंग सौंदर्यकरण का लोकार्पण, जेएसडब्ल्यू द्वारा मंदिर परिसर में लगाए गए हाई मास्ट लाइट व प्रदेश बागवानी विकास प्रोजेक्ट के तहत सिंचाई टैंक व पाइप लाइन का लोकार्पण किया। इसके अलावा श्री बद्री नारायण बटसेरी के प्रांगण में सामुदायिक भवन का शिलान्यास व सामूहिक बैठक स्थल छोरिंग का शिलान्यास भी रखा व जन समस्याएं सुनीछ। (अनंत ज्ञान)



# आठ पुलिस अधिकारियों के तबादले

**एजेंसी, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने एचपीएस कैडर के आठ पुलिस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। वहीं तैनाती का इंतजार कर रहे पांच अधिकारियों को नियुक्ति दी है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से अधिसूचना जारी की गई।

विनोद कुमार को एसपी वेलफेयर (पुलिस हेडक्वार्टर) से एआईजी टीटी एंड आर शिमला लगाया गया है। सुशील कुमार को एसपी जेल शिमला लगाया है।

कमांडेंट फर्स्ट बटालियन होमगार्ड किन्नौर पंकज शर्मा को एसपी वेलफेयर (पुलिस हेडक्वार्टर) के पद पर तबदील किया गया है। एएसपी सेकेंड आईआरबी सकोह सुरेश कुमार को कमांडेंट फर्स्ट बटालियन होमगार्ड किन्नौर भेजा गया है। सोम दत्त को एएसपी थर्ड बटालियन पंडोह लगाया है।

# महेंद्र धर्माणी ने किया पलटवार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी पर दिए गए अपने ही बयानों से पलटने पर इसे तुष्टिकरण की राजनीति करके विदेशी ताकतों का साथ देने का आरोप लगाया है। महेंद्र धर्मानी ने कहा कि पहले तो सुक्खू सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी को लागू करने के आदेशों के बाद मंत्री विक्रमादित्य द्वारा प्रदेश में सभी दुकानदारों का सत्यापन व पंजीकरण के लिए विभिन्न प्रकार के नियमों से जुड़े प्रावधान का बखान किया गया लेकिन अब वही मंत्री सरकार तथा आलाकमान के दवाब के आगे झुक गए है।

# विमान हादसे में 56 साल बाद मिले अवशेष का होगा पोस्टमार्टम

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश के चंद्रभागा पीक 13 व 14 में मिले भारतीय वायुसेना के एएन-12 विमान दुर्घटनाग्रस्त के पीड़ितों के अवशेष का आज लोसर में पोस्टमार्टम होगा।

एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि करीब 56 साल पहले 1968 में 102 जवानों को लेकर जा रहा भारतीय वायुसेना का विमान एएन-12 ढाका ग्लेशियर के पास चंद्रभागा-13 व 14 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। पहले भी इस दुर्घटना में शवों को बरामद करने के लिए लगातार प्रयास किए गए।

पांच शव बरामद किए जा चुके थे। सितंबर में शवों को बरामद करने के लिए एक टीम फिर सक्रिय हुई और इस बार चार शव बरामद हुए।

# 21 वर्षों से नियमितीकरण की राह देख रहे कंप्यूटर शिक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

कंप्यूटर शिक्षक संघ ने सरकार से मांग की है कि उनके लिए वह नियमितीकरण की नीति शीघ्र तैयार करे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौशल ने कहा कि प्रदेश के 1326 कंप्यूटर शिक्षक पिछले 21 वर्षों से नियमितीकरण की राह देख रहे हैं।




केवल यही श्रेणी ऐसी है जो आज तक आऊटसोर्स के चंगुल में फंसी है। प्रदेश सरकार ने 7 फरवरी, 2024 को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में गठित कैबिनेट सब कमेटी की बैठक भी आयोजित की थी। मगर अभी तक कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित करने की नीति अधिसूचित नहीं हुई है।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आउटसोर्स आधार पर लगे कम्प्यूटर शिक्षकों के लिए पॉलिसी बनाने की छूट दे दी थी। हाईकोर्ट के आदेश मिलने के बाद इनकी नियमितीकरण नीति बनाना वैधानिक रूप से भी सही होगा।

हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को यह छूट देते हुए स्पष्ट किया है कि पॉलिसी बनाने के दौरान कंप्यूटर टीचर्स की लंबित याचिकाएं सरकार के आड़े नहीं आएंगी।

गौरतलब है कि कंप्यूटर शिक्षकों की ओर से हाइकोर्ट में याचिकाएं दायर की गई थीं। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर ने यह आदेश पारित करते हुए कहा था कि सरकार हाईकोर्ट के 5 जून 2014 के आदेशों को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर शिक्षकों के लिए पॉलिसी बनाने के लिए स्वतंत्र है।

साल 2014 में हाईकोर्ट ने सरकार को कम्प्यूटर शिक्षकों की मांगों को लेकर पॉलिसी बनाने की संभावनाएं तलाशने के आदेश दिए थे मगर ये आदेश एक दशक में भी सिरे नहीं चढ़े। ऐसे में राजकीय टीजीटी कला संघ ने पिछले 21 वर्षों से सेवाएं देने वाले कंप्यूटर शिक्षकों की सेवाओं को अति शीघ्र नियमित करने के आदेश जारी करने का आग्रह किया है।

संघ ने सरकार से मांग की है कि कम्प्यूटर शिक्षकों को नियमित अध्यापकों को मिलने वाले न्यूनतम वेतनमान देने के साथ-साथ उन्हें कांट्रेक्ट अथवा तदर्थ अध्यापकों के बराबर माना जाए।

**लापरवाही** जिले में कुल 6211 प्रवासियों का आंकड़ा, लेकिन 1711 हुए पंजीकृत

# प्रवासी नहीं दिखा रहे पंजीकरण करवाने में दिलचस्पी

**शुभम राही, बिलासपुर**

शिमला और मंडी में अवैध मस्जिद निर्माण पर हुए प्रदर्शन के बाद प्रदेश में प्रवासी लोगों की जांच पड़ताल तेज हो गई है और पुलिस प्रशासन को तुरंत प्रभाव से अपने क्षेत्र में प्रवासी लोगों का पंजीकरण करने के आदेश जारी हुए हैं, लेकिन बिलासपुर जिला में प्रवासी लोग अपना पंजीकरण करवाने में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पुलिस आंकड़ों के अनुसार बिलासपुर जिला में कुल 6211 प्रवासी लोग है, लेकिन अभी तक कुल 1711 लोगों का ही पंजीकरण हो पाया है।



गौरतलब है कि सभी प्रवासी मजदूरों, ठेकेदारों, फेरी वालों और दुकानदारों का थानों और पुलिस चैकियों में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। कई प्रवासी पिछले कई वर्षों से बिना पंजीकरण के रह रहे हैं और मकान मालिक भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पुलिस ने पंचायत प्रधानों से भी आग्रह किया है कि वे अपनी पंचायतों में रह रहे प्रवासियों की जांच करें और सुनिश्चित करें कि उनका पंजीकरण थाना या चैकी में हुआ है या नहीं। यदि पंजीकरण नहीं हुआ है, तो उन्हें तुरंत पंजीकरण करवाने के लिए कहें।

पुलिस विभाग भी अपनी ओर से जांच कर रहा है और बिना पंजीकरण के पाए गए लोगों को पहले पंजीकरण करवाने के लिए कहा जाएगा। पंजीकरण न होने पर कार्य करवाने वाले ठेकेदार, मकान मालिकों और दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें प्रदेश में इन दिनों प्रवासी लोगों का विरोध काफी चला हुआ है। वहीं, कुछ समय से हिमाचल प्रदेश में कुछ ऐसी अप्रिय घटनाएं भी सामने आई जिसमें प्रवासी की संलिप्तता पाई गई। ऐसे में बिलासपुर जिला में भी कोई ऐसी घटना न हो और यहां का माहौल खराब न हो, इसके लिए बिलासपुर पुलिस ने यह कड़े आदेश जारी किए हैं। बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर सबसे अधिक भराड़ी क्षेत्र में प्रवासी लोगों का डेरा है। साथ ही भराड़ी क्षेत्र की बात करें तो यहां पर काफी क्राइम के मामले भी सामने आते हैं। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

| पुलिस स्टेशन | संख्या | पंजीकृत |
|---|---|---|
| बरमाणा | 190 | 45 |
| झंडूता | 265 | 163 |
| सदर | 315 | 126 |
| तलाई | 1056 | 327 |
| घुमारवीं | 1399 | 147 |
| भराड़ी | 2003 | 609 |
| स्वारघाट | 427 | 28 |
| कोट कहलूर | 556 | 266 |
| **कुल** | **6211** | **1711** |



सभी थाना प्रभारियों को प्रवासियों के पंजीकरण करने के आदेश जारी किए हैं। अगर कोई प्रवासी बिना पंजीकरण के पाया जाता है तो उसके और उसके ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। -**शिव कुमार चौधरी, एएसपी, बिलासपुर**

### इन राज्यों के हैं प्रवासी

बरमाणा थाना में बिहार से 33, यूपी से 113, झारखंड 4 व अन्य राज्य 18 प्रवासी है। झंडूता थाना में बिहार से 48, यूपी से 89, उत्तराखंड से 5 व पश्चिम बंगाल से 13 प्रवासी हैं। सदर थाना में बिहार से 39, जम्मू-कश्मीर से 15, यूपी से 306, उत्तराखंड से 5 व अन्य राज्यों से 60 प्रवासी हैं। तलाई थाना में बिहार से 316, जम्मू-कश्मीर से 16, यूपी से 590, नेपाल से 13 और अन्य राज्यों से 119 प्रवासी हैं। घुमारवीं थाना में जम्मू-कश्मीर से 67, यूपी से 895, बिहार से 370, झारखंड से 10, नेपाल से 2 और अन्य राज्यों से 55 प्रवासी हैं। भराड़ी थाना में बिहार से 484, जम्मू-कश्मीर से 43, यूपी से 1359, नेपाल से 12, झारखंड से 49 और अन्य राज्यों से 56 प्रवासी हैं। स्वारघाट थाना में बिहार से 43, जम्मू-कश्मीर से 07, यूपी से 157, झारखंड से 84 और अन्य राज्यों से 136 प्रवासी हैं। कोट कहलूर थाना में बिहार से 1337, यूपी से 103, झारखंड से 10, जम्मू-कश्मीर से 21 प्रवासी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉर मेमोरियल के बाहर की साफ-सफाई



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत रिलायंस ट्रेंड्स धर्मशाला और रिलायंस स्मार्ट प्वॉइंट श्याम नगर ने की सिविल लाइंस धर्मशाला स्थित वॉर मेमोरियल के बाहर की सफाई। इस उपलक्ष पर ट्रेंड धर्मशाला और स्मार्ट प्वॉइंट श्याम नगर के मैनेजर भी उपस्थित रहे और अपनी टीम संजय कुमार, सौरभ कुमार, शिवानी देवी, कमल कुमार, रोहन, कृतिका के साथ मिलकर वॉर मेमोरियल के बाहर रोड की सफाई की। उनका कहना है कि यह दिवस हम सभी को स्वच्छता की तरफ अग्रसर होकर भारत देश को स्वच्छ बनाने के लिए याद दिलाता है।

### 23 व 24 को धर्मशाला में होगा फिल्मोत्सव

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी/धर्मशाला।** हिम सिने सोसायटी हिमाचल पदेश द्वारा द्विवार्षिक फिल्म फेस्टिवल 'हिम फिल्मोत्सव 2024' का आयोजन धर्मशाला में 23 व 24 अक्तूबर को किया जा रहा है। पहले यह तिथि 19 व 20 अक्तूबर थी। इसके लिए निर्धारित शुल्क सहित 10 अक्तूबर तक प्रविष्ठियां जमा करवाई जा सकती हैं। फिल्मोत्सव में विभिन्न श्रेणियों में नकद राशि के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। डॉक्यूमेंट्री की अवधी 30 से 45 मिनट, लघु फिल्म 18 से 25 मिनट व कैंपस फिल्म 15 से 20 मिनट रहेगी। फिल्म या वृत्त चित्र की भाषा हिमाचली अथवा हिंदी होनी चाहिए। इसकी मूल प्रति के साथ मौलिकता प्रमाण पत्र भी देना होगा। उत्सव में शामिल होने वाले फिल्म वृत्त चित्र का पहले सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। आईपीआर नियमों का पालन फिल्म निर्माता की जिम्मेदारी होगी, जबकि फिल्म संस्थान के विद्यार्थी की फिल्में भी प्रोफेशनल श्रेणी में ही स्वीकार है होगी। समिति के सदस्य अंकुर सिंह के अनुसार यह फिल्म उत्सव 16 विषयों पर आधारित होगा। जिसमें ऐतिहासिक गौरवशाली हिमाचल, हिमाचल की कला संस्कृति और परंपराएं, हिमाचल के संदर्भ में देश सेवा और बलिदान आदि शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### स्टूडेंट्स समाज में दें रचनात्मक योगदान : पूनम



**अनंत ज्ञान, भवारना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर का सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रवक्ता पूनम ठाकुर ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने व समाज के लिए रचनात्मक योगदान देने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य अंजू लता ठाकुर ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे विस्तारपूर्वक बताया व देश के लिए युवा पीढ़ी को समर्पित रहने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एनएसएस प्रभारी गुरु स्वरूप , प्रियंका ठाकुर व समस्त अध्यापक विशेष रूप से उपस्तिथ रहे। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### अवस्थी महाविद्यालय में नया शैक्षिक सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन कॉलेज के बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला नए सत्र की शुरुआत कॉलेज में एक कार्यक्रम से हुई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्रीमती पुष्पेंद्रा महाजन रहे एवं अवस्थी महाविद्यालय दाड़ी की अध्यक्षा श्रीमती कृष्णा अवस्थी, प्रबंध निदेशक अमित भारद्वाज, निदेशक अर्श अवस्थी एवं श्रीमती मनी अवस्थी ने भी कार्यक्रम की शान बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. रितु राणा ने की। इसके बाद कई मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं नए छात्र का उत्साह बढ़ाया। मुख्यातिथि कृष्णा अवस्थी ने बच्चों को बधाई दी एवं अपने कीमती और प्रेरणा जनक शब्दों के साथ बच्चों का मनोबल बढ़ाया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. सुमित चौहान ने बच्चों का अपने उत्साहवर्धक शब्दों के साथ स्वागत किया।

# दोदूं राजपूतां में पंचायत घर का मामला न सुलझा, तो जाएंगे हाईकोर्ट

## पूर्व उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंप दो टूक चेतावनी का किया ऐलान

**शुभम शर्मा, देहरा**

प्रागपुर विकास खंड की दोदूं राजपूता में बनने वाले पंचायत घर का मामला अगर न सुलझा तो इसे हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए जाने पर विवश होना पड़ेगा। इस समस्या से परेशान लोगों ने मंगलवार को पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां परागपुर विधायक विक्रम सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंप कर दो टूक चेतावनी का ऐलान किया है।

स्थानीय ग्रामीण विनोद शर्मा आदि का आरोप है कि वर्ष 2021 से शुरू हुए इस विषय पर भवन निर्माण के लिए प्रशासन ने 35 लाख रुपए स्वीकृत भी किए हैं और ठेकेदार वरिंद्र कुमार को टैंडर भी अलाट हो चुका है, लेकिन राजनीतिक दवाब के चलते इस निर्माण कार्य को वेबजह अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए इसे टरकाया लटकाया जा रहा है। गांववासियों की ओर से विनोद शर्मा ने बताया कि दोदूं राजपूता में जगह न मिलने पर सभी की सहमति से पंचायत केंद्र बदलने की अनुमति सचिव पंचायतीराज हिमाचल सरकार से अधिसूचना संख्या 62438-442 द्वारा 27 जुलाई 2021 को जारी हुई थी व निर्माण हेतु साढ़े 5 कनाल भूमि भी दान स्वरूप विभाग को दी थी, लेकिन उस भूमि को निर्माण हेतु तकनीकी आधार पर अनुपयुक्त पाया गया।



पूर्व उद्योग मंत्री विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपते लोग।

तदोपरांत 14 मार्च 2023 को पंचायत घर निर्माण हेतु मेन रोड पर पुनः एक कनाल भूमि दान दी गई। ग्रामीण विकास विभाग ने 9 मई 2023 को टेंडर भी जारी कर दिया, लेकिन इसी बीच चयनित भूमि पर पंचायत घर न बने, इसकी शिकायत 20 मई 2023 को कुछ लोगों ने बीडीओ प्रागपुर को की, जिसकी जांच 9 जून 2023 को की गई। पंचायत घर का निर्माण दोदूं ब्राह्मणा में न किया जाए, लेकिन जांच में शामिल 31 लोगों में से 27 लोगों ने कहा कि कहा कि निर्माण कार्य दोदूं ब्राह्मणा में ही किया जाए। इतना सब कुछ होने के बाद सचिव पंचायतीराज हिमाचल सरकार से अनुमति लेने के बाद भी बीडीओ प्रागपुर ने पत्र क्रमांक 2056 दिनांक 10 जुलाई 2023 को पंचायत घर निर्माण के लिए तहसीलदार रक्कड़ को आदेश दिए कि जीवन राम व चमन लाल द्वारा दी गई भूमि की रजिस्ट्री पंचायतीराज विभाग के नाम की जाए। (अनंत ज्ञान)

मामला उलझता देख गांववासियों ने जिलाधीश कांगड़ा को शिकायत की जिस पर जिला पंचायत अधिकारी ने अपने पत्र क्रमांक 7474 एक अगस्त 2023 के द्वारा बीडीओ प्रागपुर से जानकारी मांगी, लेकिन शिकायतकर्ताओं को कोई निर्णय/अनिर्णय न मिलने पर पुनः जिलाधीश कांगड़ा को 4 जनवरी 2024 को शिकायत की गई। कछुआ चाल से कार्रवाई के नाम पर लीपापोती चलती रही जो आज तक जारी है। विनोद शर्मा ने बताया कि प्रशाशन कलीयर करे कि क्या सचिव पंचायतीराज से अनुमति मिलने के बाद क्या बीडीओ अपने स्तर पर निर्माण स्थल को बदलने के लिए सक्षम है। और क्या ग्रामसभा में पास प्रस्ताव के क्रियान्वन के लिए ही लोगों को सरकार और प्रशासन के आगे घुटने रगड़वाए जा रहे हैं। विनोद ने सरकार और प्रशासन से कहा है कि अगर 14 अक्तूबर तक निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया शुरू न की तो विभाग, प्रशाशन और सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## नगरोटा कॉलेज में संचार कौशल पर हुआ व्याख्यान



**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के अंग्रेजी विभाग और भाषा विज्ञान सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संचार कौशल पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संचार कौशल के महत्व से अवगत कराना और इसे उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में कैसे लागू किया जाए।

अतिथि व्याख्यान का नेतृत्व सेवानिवृत्त प्राचार्य मैडम सविता शर्मा ने किया, जिन्होंने अपने लंबे शिक्षण अनुभव और व्यावहारिक दृष्टिकोण से विद्यार्थियों को संचार कौशल के विभिन्न पहलुओं पर मार्ग-दर्शन दिया। सविता ने बताया कि संचार कौशल न केवल किसी व्यक्ति के विचारों को व्यक्त करने का माध्यम है, बल्कि यह उसके आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और सामाजिक सहभागिता को भी मजबूत करता है। उन्होंने विशेष रूप से लिखित, मौखिक और लिखित संचार के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को बताया कि विभिन्न स्थितियों में किस प्रकार इन कौशलों का उपयोग किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी इस व्याख्यान में उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल अकादमिक दृष्टिकोण से बल्कि व्यक्तित्व विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने पूर्व प्राचार्य डॉ. सविता शर्मा के योगदान की सराहना की और कार्यक्रम के अंत में उन्हें एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आग्रह किया कि वे इस सत्र से मिले ज्ञान को अपने जीवन में लागू करें और अपने संचार कौशल को निखारने का प्रयास करें। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग की प्रो सीमा, प्रो सुनीता और डॉ. माधवी पाराशर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## स्टूडेंट्स-अध्यापकों को स्वच्छता की दिलाई शपथ

**राकेश डोगरा, डरोह**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा दो दिवसीय स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम के समापन समारोह पर जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गढ जमूला में किया गया।

इस जागरूकता शिविर की अध्यक्षता नेत्रा मैती एसडीम पालमपुर ने की। शिविर में उपस्थित आईटीआई के स्टूडेंट्स को अखिल जग्गी ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर आईटीआई से बीना मैडम ने स्वच्छता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



आईटीआई की प्रधानाचार्य विनोद धीमान ने भी बच्चों से आग्रह किया है कि स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और पहले अपने आप से ही स्वच्छता को अपनाएं। इस दौरान स्वच्छता पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को विभाग द्वारा पुरस्कार भी बांटे गए। मुख्यातिथि महोदया ने उपस्थित सभी स्टूडेंट्स व अध्यापकों को स्वच्छता प्रतिज्ञा भी दिलाई। इसके साथ उपस्थित स्टूडेंट्स को स्वच्छता के बारे में जागरूकता करते हुए कहा है कि अगर हम लोग स्वच्छता को अपनाते हैं और अपने आसपास साफ-सफाई रखते हैं तो हम अनेक प्रकार की बीमारियों से बचे रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

## जीएवी ने स्वच्छ किया कांगड़ा, निकाली रैली

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कई कार्यक्रम किए गए प्रधानाचार्य ने प्रार्थना सभा में 1500 छात्रों व 87 शिक्षकों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है और दिन में तीन बार सफाई की जाती है। चड्ढा ने छात्रों से अपील की कि वे घर में भी स्वच्छता पर फोकस रखें। कक्षा सातवीं से दसवीं तक के छात्रों में स्वच्छता पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इसके बाद प्रधानाचार्य एवं ईको क्लब ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। फिजिकल एजुकेशन के प्रभारी शैलेश सिंह के मार्गदर्शन में स्कूल के मैदान की सफाई की गई। अंत में 11वीं व 12वीं के स्टूडेंट्स ने कांगड़ा बाजार में स्वच्छता रैली निकालकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। रैली को थाना प्रभारी कांगड़ा संजीव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। (अनंत ज्ञान)



## अनंत ज्ञान फैशन



### कैजुअल लुक के लिए वियर करें ब्लैक कलर टी-शर्ट

**ब्लैक कलर हम सभी को पहनना पसंद होता है। इसलिए हमारे पास ब्लैक कलर के ज्यादातर हर आउटफिट मौजूद होते हैं। इनमें से कुछ ऐसे होते हैं, जो हम अक्सर पहनना पसंद करते हैं। वहीं कई सारे ब्लैक आउटफिट को हम पार्टी या किसी फंक्शन में वियर करते हैं। इसमें हम पतले और सुंदर दिखाई देते हैं। अगर आप भी ब्लैक आउटफिट को स्टाइल करना पसंद करते हैं, तो इस बार कैजुअल लुक के लिए ब्लैक टी-शर्ट वियर करें। यह दिखने के साथ-साथ पहनने के बाद भी अच्छी लगती है। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की टी-शर्ट को आप वियर कर सकती हैं।**

#### स्ट्राइप डिजाइन वाली ब्लैक टी-शर्ट

**अगर** आपको थोड़ा-सा डिजाइन टी-शर्ट में पसंद है, तो इसके लिए आप स्ट्राइप डिजाइन वाली टी-शर्ट को खरीदकर डेनिम जींस या स्कर्ट के साथ वियर कर सकती हैं। इसके साथ पहनने के लिए हूप्स इयररिंग्स और नेकलेस चेन को वियर करें। इसमें आपका लुक परफेक्ट दिखेगा।

#### प्लेन ब्लैक कलर टी-शर्ट



**सिंपल** कैजुअल लुक के लिए आप प्लेन ब्लैक कलर टी-शर्ट को स्टाइल करें। इस तरह की टी-शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसमें लुक भी परफेक्ट लगता है। इसे आप वेकेशन से लेकर ऑफिस में भी स्टाइल कर सकती हैं।

#### ब्लैक कलर प्रिंटेड टी-शर्ट

**आप** कैजुअल लुक के लिए ब्लैक कलर प्रिंटेड टी-शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी-शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, इसमें लुक भी परफेक्ट नजर आता है। इस तरह की टी-शर्ट को आप डेनिम जींस या फिर शॉर्ट्स के साथ भी पहनकर लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।




**दुर्गा पूजा से पहले महिलाएं माता के आगमन की तैयारी में लग जाती है और आगमन के दिन महिलाएं साड़ी पहनन पसंद करती हैं। वहीं, अगर आप इस खास मौके पर सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इन कॉटन सूट का चुनाव कर सकती हैं। हम आपको कुछ कॉटन साड़ी और इन स्टाइल करने की टिप्स बता रहे हैं। इस तरह की साड़ी में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा और यह साड़ी दुर्गा पूजा पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।**



### दुर्गा पूजा पर सिंपल लुक के लिए स्टाइल करें ये कॉटन साड़ी

#### चेकड प्रिंट कॉटन साड़ी

**दुर्गा** पूजा पर सिंपल लुक पाने के लिए आप इस तरह की चेकड प्रिंट कॉटन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी कॉटन फैब्रिक में है और ये बेहद ही खूबसुरत चेक प्रिंट किया हुआ है। इस साड़ी को आप ऑनलाइन ले सकती हैं।

#### प्रिंटेड कॉटन साड़ी

**यह** प्रिंटेड कॉटन साड़ी भी आजकल काफी ट्रेंड में है। इस साड़ी में बेहद ही खूबसूरत प्रिंट बना हुआ है और इस तरह की साड़ी में आपका लुक रॉयल नजर आएगा। इस साड़ी को आप हाल्टर नेक या फिर स्लीवेलेस ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं।साथ ही मिरर वर्क वाली ज्वेलरी आप इस साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

#### फ्लोरल कॉटन साड़ी

इस तरह की फ्लोरल कॉटन साड़ी भी आप इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती है। इस साड़ी में बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट बनाया गया है और इस तरह की साड़ी में आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। इस साड़ी को आप ब्लैक या व्हाइट कलर के ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा।



### कांच की चूड़ियों को कंगन के इन डिजाइंस के साथ करें क्लब

**आजकल कांच की चूड़ियां महिलाओं के मध्य बहुत पसंद की जा रही हैं। खासकर उनकी खूबसूरती और कम कीमत के कारण, उन्हें ज्यादा लोकप्रियता मिल रही है। इन चूड़ियों को फैंसी कंगनों के साथ मिलाकर एक नया और आकर्षक लुक पाया जा सकता है। इस लेख में हम कुछ बेहतरीन कंगन डिजाइन के बारे में चर्चा करेंगे, जो कि साधारण कांच की चूड़ियों को एक नया अंदाज देंगे।**



#### ऑक्सीडाइज कंगन के साथ रंग-बिरंगी कांच की चूड़ियों का सेट

**ऑक्सीडाइज** कंगन हमेशा से एक क्लासिक पसंद रहे हैं। इन कंगनों का गहरा रंग और कांच की चूड़ियों का चमकीला रंग मिलकर एक अनोखा संयोजन बनाते हैं। जब आप कांच की चूड़ियों को इन कंगनों के साथ पहनते हैं, तो यह आपके लुक को एक नया आयाम देता है। आप एक या दो ऑक्सीडाइज कंगन पहनकर अपनी कांच की चूड़ियों को और भी खूबसूरत बना सकती हैं।

#### राजस्थानी कंगन के साथ चूड़ियों का सेट



**राजस्थानी** कंगन भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनकी हस्तनिर्मित डिजाइन और चटक रंग किसी भी परिधान के साथ बेहद अच्छे लगते हैं। जब आप राजस्थानी कंगनों को रंग-बिरंगी कांच की चूड़ियों के साथ पहनती हैं, तो यह एक परंपरागत लेकिन मॉडर्न लुक प्रदान करता है। यह सेट किसी भी त्योहार या खास मौके पर पहनने के लिए एकदम सही है।

#### हाथफूल वाले कड़े के साथ चूड़ियों का सेट

**हाथफूल** (हाथ की कलाई पर पहनने वाला कड़ा) एक ऐसा अनोखा आभूषण है, जो खास अवसरों पर पहनने के लिए बहुत पसंद किया जाता है। जब आप हाथफूल वाले कड़े को कांच की चूड़ियों के साथ क्लब हैं, तो यह एक बहुत खूबसूरत और आकर्षक लुक देती है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन




**आशीष दमीर, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की रोवर और रेंजर्स इकाई, एनएसएस इकाई, ईको क्लब, सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला के सौजन्य से गांधी जयंती पर 'स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम' का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नीलम चौधरी लेखा अधिकारी, कुमारी जाह्नवी स्वयंसेवी नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला के सदस्य भी मौजूद रहे। प्राचार्य ने सभी को स्वयं की स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने, स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने व 100 व्यक्तियों को इसके लिए प्रेरित करने का प्रयास करने की शपथ दिलवाई। उसके बाद रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली बगली मोड तक निकाली। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय शिक्षक व गैर-शिक्षक वर्ग भी मौजूद रहा।

### मंत्री हर्ष मल्होत्रा आज धर्मशाला दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा दो अक्तूबर को एकदिवसीय धर्मशाला दौरे पर आ रहे हैं। वह सुबह 9 बजे दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पंहुचेंगे। प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने बताया कि तय कार्यक्रम के मुताबिक केंद्रीय राज्य मंत्री एयरपोर्ट से होटल धौलाधार पंहुचेंगे, जहां वह साढ़े 9 बजे पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री सर्किट हाउस में साढ़े 10 बजे एक पौधा मां के नाम के तहत पौधा रोपित करेंगे। 11 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री धर्मशाला बस अड्डे में स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनेंगे।

### बज्रेश्वरी मंदिर में नवरात्र की तैयारियां शुरू



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में नवरात्रों को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिर अधिकारी कांगड़ा नीलम राणा ने बताया की मंदिर में लगी लाइटों को दुरुस्त कर दिया गया है। माता के मंदिर को फूलों से सजाया जाता है। नवरात्र दौरान 30 होम गार्डों को नियुक्ति किया गया है। इस बार मंदिर में लंगर व्यवस्था भी मंदिर प्रशासन खुद कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

**सालबिया शर्मा, गरली।** वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा के सौजन्य से पहली अक्तूबर का दिन अंतराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में मनाया गया। चेयरमैन जेसी आजाद की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में बतौर चीफ गेस्ट पूर्व प्रदेश शिक्षा बोर्ड सचिव बलराम शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान उपमंडल भर के भिन्न भिन्न इलाको से करीब मंच के 250 से ज्यादा सदस्यों ने भाग लिया बही इस अंतराष्ट्रीय बरिष्ठ नागरिक दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर 72 वर्ष से ज्यादा आयू के 45 वृद्ध लोगों को देहरा वरिष्ठ नागरिक मंच का सदस्य मनोनीत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह व शॉल, टोपी देकर स्वागत किया गया। इस दौरान मौजूद लोगो की सुविधा हेतु कागंड़ी धाम का आयोजन भी किया गया। (अनंत ज्ञान)



### युवा संसद में महिला सुरक्षा पर उठे सवाल



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सन्हूं में नवमी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने युवा संसद में भाग लिया। युवाओं में संसदीय प्रणाली के बारे में जागरुकता के चलते इस कार्यक्रम में बारहवीं कक्षा की नीतिका ने अध्यक्षा के रूप में कार्य किया। विपक्ष के नेता के रूप में 12वीं कक्षा के पीयूष ने अभिनय किया। खुशी ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई। इस दौरान प्रश्नकाल के मध्य महंगाई की समस्या, महिला सुरक्षा एवं बेरोजगारी विषयों पर प्रतिपक्ष ने सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछे। महिला सुरक्षा से संबंधित प्रश्न कुमारी तनवी ने पूछा कि कब तक देश की बेटियां दरिंदों का शिकार होती रहेंगी। प्रश्न का उत्तर देते हुए कानून मंत्री बनी कुमारी सेजल ने कहा कि इस विषय पर कानून को और कठोर बनाया गया है और ऐसे मामलों में फास्ट ट्रेक कोर्ट के माध्यम से कठोर और जल्दी सजा दिलवाने का प्रवधान रखा गया है। इस बीच युवा संसद में गृहमंत्री के रूप में कुमारी नव्या, रक्षा मंत्री कुमारी पलक, शिक्षा मंत्री कुमारी खुशी, कृषि मंत्री आदित्य एवं स्वास्थ्य मंत्री के रुप में कुमारी प्रिया ने भूमिका निभाई।

### सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम बारे किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ में मंगलवार को 'शिवा फाउंडेशन फॉर ह्यूमेनिटी' संस्था के सौजन्य से नशे के दुष्प्रभावों, सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि थाना प्रभारी बैजनाथ मुनीश ने शिरकत की। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष शिव वालिया, प्रधानाचार्य रीता शर्मा, माइंड ऑपरेशन अकादमी के संचालक रवि राव आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी मनीष ने बताया नशे के कारण समाज खोखला होता जा रहा है आए दिन नशे की वजह से अपराधिक घटनाएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से नशे से दूर रहने और यातायात नियमों की पालना करने की अपील की।

# हिमाचली फोक और कलाकारों के नाम रही कांगड़ा वैली कार्निवल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या

## फोक और पारंपरिक विधाओं को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन जरूरीः पठानिया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में उत्सव और उमंग के नए रंगों को बिखेरता कांगड़ा वैली कार्निवल, की तीसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली फोक और कलाकारों के नाम रही। राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष और फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया ने तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

भवानी ने कहा कि हमारा समाज हर अवसर को उत्सव के रूप में मनाता है और ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और पारंपरिक विधाओं को जीवंत रखते हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल को जिस स्तर पर मनाया जा रहा, इससे यह जिला कांगड़ा ही नहीं अपितु प्रदेश के बड़े महात्सवों में सम्मिलित हो गया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जहां क्षेत्र के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कांगड़ा वैली कार्निवल की यह तीसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली फोक को समर्पित है तथा जिस उत्साह और जोश से हमारे युवा इसमें अपनी सहभागिता दर्ज करवा रहे हैं, यह हर्ष का विषय है।

हिमाचली फोक से लबरेज कांगड़ा वैली कार्निवल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में लोग पहाड़ी तरानों में झूमते नजर आए। साथ ही आगरा से आए सांस्कृतिक दल क्रेजी हूपर्स ने हनुमान चालीसा पर रामसेतु निर्माण का मंचन कर समा बांध दिया। स्टार नाइट में हिमाचली कलाकार सुनिल राणा, कुमार साहिल और पूनम भारद्वाज ने जहां दर्शकों को खूब नचाया, वहीं हिमाचल के अपने हिमालयन रूट्स् बैंड की प्रस्तुती से खूब समा बांधा।

### मक्की की रोटी संग साग बना चर्चा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



धर्मशाला के पुलिस मैदान में चल रहे कांगड़ा दिल्ली कार्निवल में हिमाचल के पारंपरिक खाद्यान्न की व्यंजनों का बोलवाला है, तो वहीं दूसरे राज्यों के व्यंजन भी लोगों को लुभा रहे हैं। कार्निवल में विविध प्रकार का जायका एक ही जगह आपको मिल जाएगा। खास बात यह है कि खाने के साथ हिमाचल के अपनेपन की यहां झलक नजर आ रही है। पारंपरिक खाने के शौकीन यहां स्वयं सहायता समूह को थैंक्यू कहने के साथ सेल्फी भी ले रहे हैं।

तियारा के डुग्यारी गांव की जेठानी संदला देवी के साथ स्टाल संभालने उनकी देवरानी भी पहुंची हैं। मक्की की रोटी, सरसों का साग, लस्सी और घर के मक्खन का यह स्वाद आपको शायद ही एक साथ मिले। इसके साथ बेठ, टोफू के पकौड़े तथा अन्य हिमाचली पारंपरिक व्यंजन अपना स्वाद बिखेर रहे हैं। संदला देवी के अनुसार वह स्वयं सहायता समूह चला रही हैं तथा ऑर्गेनिक खेती के व्यंजन लेकर कार्निवल में पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य स्वस्थ परंपरागत तथा शुद्ध आहार के साथ स्वरोजगार की दिशा में काम करना है। उन्होंने बताया कि लोग उनके खाने को काफी पसंद कर रहे हैं। मिलेट फूड स्टॉल में पारंपरिक हिमाचली व्यंजन लोगों का काफी ध्यान आकर्षित कर रहे हैं तथा पसंद भी आ रहे हैं।

वहीं हरियाणा में पारंपरिक रूप से जलेबी बनाने का खानदानी काम कर रहे नरेश कुमार की जलेबी लोगों को खूब पसंद आ रही है। उनके मुताबिक जिन लोगों ने उनकी देसी घी की जलेबी का स्वाद चखा है वे यहां जरूर पहुंचते हैं। (अनंत ज्ञान)

## योजना से पात्र का नाम काटने का जड़ा आरोप

**अनिल छांगू, जवाली**

ग्राम पंचायत आंबल ठेहडू में मापदंडों को दरकिनार करके पात्र परिवारों के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना से काटने का मामला प्रकाश में आया है। पात्र परिवारों ने नाम काटे जाने पर इसकी शिकायत कृषि मंत्री, एसडीएम जवाली व बीडीओ नगरोटा सूरियां को लिखित रूप से दी गई है।

शिकायतकर्ताओं नूर मोहम्मद, मनोहर दीन, चमारुदीन, गुलजार दीन, नानकी बीबी ने बताया कि हम गरीब परिवार हैं तथा हमारे कच्चे मकान हैं। हमारे नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में आए थे, लेकिन प्रधान व सचिव ने वेरिफिकेशन करते समय हमारे नाम काट दिए, जबकि हम सभी नियमों व शर्तों को पूरा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत में उन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनके पास पक्के मकान हैं। हम विशेष समुदाय से हैं, इसलिए हमें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी सही तरीके से जांच होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार, डीसी हेमराज बैरवा, एसडीएम जवाली विचित्र सिंह व बीडीओ नगरोटा सूरियां शाम सिंह से इसकी जांच करने की मांग की है

इस बारे में बीडीसी रमना कुमारी ने कहा कि उक्त शिकायतकर्ताओं के पास कच्चे मकान हैं तथा उनका पीएम आवास योजना में नाम भी आया था, लेकिन सूची से नामों को क्यों काटा गया, इसकी जानकारी नहीं है। पंचायत प्रधान केवल चौहान ने कहा कि उक्त परिवारों के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना से क्यों काट दिए गए हैं, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। नामों को सचिव द्वारा काटा गया है।

पंचायत सचिव कुलवंत सिंह ने कहा कि मैंने उक्त परिवारों के नाम ऑनलाइन दर्ज किए हैं, लेकिन सूची में इनका नाम क्यों नहीं आया है, इसके बारे में बीडीओ कार्यालय में पता किया जाएगा। इस बारे में बीडीओ नगरोटा सूरियां शाम सिंह ने कहा कि इसकी जांच की जाएगी कि उक्त परिवारों के नाम सूची से क्यों काटे गए हैं। (अनंत ज्ञान)



## पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने मनाया 62वां जन्मदिन

**अनंत ज्ञान, आलमपुर**



जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने अपना 62वां जन्मदिन मंगलवार को आलमपुर के जांगल स्थित पैतृक घर में कार्यकर्ताओं के साथ सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर उनके साथ उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक ने इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता दिलाकर भाजपा परिवार का सदस्य बनाएं। यही उनके लिए जन्मदिन का तोहफा होगा। कार्यकर्ता के लिए संगठन से बढ़कर कुछ नहीं होना चाहिए। ये बातें उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उचित मूल्य की दुकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, पुरुषोतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांगड़ा के विभिन्न विकास खंडों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानें आबंटित की जानी हैं, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 अक्तूबर है।

उन्होंने बताया कि विकास खंड रैत की ग्राम पंचायत कनोल के वार्ड 2, ग्राम पंचायत कनोल के गांव लाहडी के वार्ड 6 व ग्राम पंचायत मैटी के गांव बंगरेड़ वार्ड 3, विकास खंड कांगडा की ग्राम पंचायत सहौड़ा के गांव पैहग के वार्ड 5, ग्राम पंचायत झिकली इच्छी के गांव मंगरेहड़ वार्ड 8 तथा ग्राम पंचायत भंगवार के वार्ड 4, विकास खण्ड देहरा की ग्राम पंचायत लगडू के वार्ड 5 व नगर परिषद देहरा के हनुमान चौक वार्ड 2, विकास खंड लंबागांव की ग्राम पंचायत तलवाड़ के गांव रक्कड़ रायपुर, ग्राम पंचायत धनीरी के वार्ड 3 तथा ग्राम पंचायत बालकरूपी के वार्ड 3, विकास खंड सुलह की ग्राम पंचायत थुरल के काना सुआं वार्ड 4, विकास खंड नूरपुर की ग्राम पंचायत डन्नी गांव तरींडी वार्ड 5 और विकास खंड नगरोटा सूरियां की ग्राम पंचायत नगरोटा सूरियां गांव पुखबड़ वार्ड सं. 9 में उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जानी हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमन्त्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र पर वांछित दस्तावेजों सहित *emerginghimachal.hp.gov.in* वेबसाइट पर 25 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 24 अक्तूबर के बाद भेजे गए आवेदन-पत्र मान्य नहीं होंगे। आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त किए जायेंगे तथा कोई भी आवेदन ऑफलाइन/ हस्तचालित या कार्यालय में प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

## अब कचरा बनेगा सोना : कौशिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला मे वैस्ट टू वेल्थ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, पंजाबी एवं डोगरी, शिक्षा, नव मीडिया एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे किया गया।

इस कार्यक्रम मे अंदरेटा कि रहने वाली वैभवी कौशिक (समाज सुधारक) बतौर मुख्य वक्ता, विजय कौशिक विशिष्ट अतिथि व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष मौजूद रहे। कौशिक ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्षों, छात्रों को कचरे व कबाड़ से जुगाड़ बनाने हेतु एक विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों को हिमाचल में कचरा प्रबंधन कर रही हिमाचल कि दो प्रमुख संस्थाएं वेस्ट वॉर्यर व हीलिंग हिमाल्या संस्था के बारे मे बताया व समाज के अंदर उनके द्वारा किए। उन्होंने बताया कि हम किस प्रकार से कचरे से विभिन्न वस्तुएं बना सकते हैं। यह कचरा हमारे लिए सोने जैसा है यदि हम इसका पूर्ण रूप से सही इस्तेमाल करें। उन्होंने छात्रों से कचरा प्रबंधन पर सुझाव भी मांगे। प्रदीप कुमार ने अपने बचपन की यादों को भी स्टूडेंट्स के साथ सांझा किया।

## बैजनाथ में हुआ बड़ा विकासः किशोरी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

ब्लॉक कांग्रेस बैजनाथ की मासिक पार्टी कार्यालय में हुई, जिसमें मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक बैजनाथ किशोरी लाल विशेष रूप से एन उपस्थित रहे। किशोरी लाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बने पौने दो साल का समय हो चुका है और बैजनाथ विधानसभा में इन पौने दो सालों में बहुत से विकास कार्य हुए हैं। चाहे वे सड़कों का काम हो चाहे वो पानी की समस्या हो, स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो। सभी समस्याओं का समाधान किया गया है। किशोरी लाल ने कहा कि पिछली भाजपा की सरकार में बैजनाथ में विकास कार्य में ग्रहण लग चुका था। अब कांग्रेस की सरकार बनते ही बैजनाथ विधानसभा विकास में आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर रमेश चढ़ा, संसार राणा, अमित शर्मा, मुनीश घाबरू, शशी राणा, रणजीत राणा, जमना गोयल, ऋचा शर्मा, चंद्रा देवी, रशमा रैना, विमला देवी, लता देवी, मदन लाल, हरी सिंह, विकास राणा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर जज ने कोर्ट में चलाया स्वच्छता अभियान

**पठानकोट।** पठानकोट जिला कानूनी सेवाएं अर्थॉरिटी के चेयरमैन कम डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जितेंद्रपाल सिंह खुरमी की अध्यक्षता में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कोर्ट परिसर मलिकपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर जज साहिबान तथा स्टाफ सदस्यों द्वारा कोर्ट परिसर की सफाई की गई। इस मौके पर खुरमी ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह अपने कार्यालय तथा अपने आसपास की सफाई व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि काफी संक्रामक बीमारियां हमें गंदगी से ही मिल रही है जिनसे बचने के लिए सफाई बहुत जरूरी है। इस मौके पर अर्थॉरिटी के सचिव कम सीजेएम रूपिंद्र सिंह, सीनियर सहायक संजय कुमार, हरप्रीत सिंह, सुखविंद्र सिंह, अमरीक सिंह आदि उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री के खिलाफ की नारेबाजी

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

एक तरफ जहां पठानकोट प्रशासन और कैबिनेट मंत्री पंजाब लाल चंद कटारुचक्क पंचायती चुनावों को बिना भेदभाव के करवाने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ मंगलवार को नरोट जैमल सिंह के बीडीपीओ कार्यालय में पंचायती चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने रोड जाम करके पंजाब सरकार व कटारुचक्क खिलाफ नारेबाजी की। उक्त लोगों का आरोप है कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेज जो बीडीपीओ कार्यालय से मिलने चाहिए वे नहीं मिल रहे। इन दस्तावेजों का न मिलना और टैक्स जमा न होने पर उन्हें एक तरह से चुनाव लड़ने से रोका जा रहा है। लोगों ने मांग की कि जिला प्रशासन इसकी जांच कर चुनावों में हिस्सा लेने वालों के लिए पा पारदर्शिता बनाए। धरने का पता चलते ही नायब तहसीलदार यशपाल सिंह बाजवा मौके पर पहुंचे और सभी लोगों ने उन्हें अपनी समस्या बारे बताया।



## विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला का नव कार्यकारिणी गठन किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथि कांगड़ा विभाग संयोजक अभिनव चौधरी और चुनाव अधिकारी के रूप में वैभव खरवाल उपस्थित रहे। इसमें विशिष्ट अतिथि अभिनव चौधरी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि छात्रों के बीच रखी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रों की मांगों को तो प्रशासन के समक्ष रखती ही है परंतु समाज सेवा के काम भी अलग-अलग आयाम गतिविधियों के माध्यम से करती रहती है। इसमें चुनाव अधिकारी वैभव खरवाल ने केंद्रीय विश्विद्यालय धर्मशाला इकाई की नवकार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें इकाई अध्यक्ष सौभाग्य शर्मा एवं इकाई मंत्री की कमान सुमन कपूर को सौंपी गई।

## पारस स्कूल ने चैस में जिले भर में हासिल किया चौथा स्थान

**डरोह।** तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-19 छात्र-छात्रा प्रतियोगिता का आयोजन देहरा में हुआ, जिसमें जिला कांगड़ा के लगभग 80 स्कूलों के 1200 बच्चों ने भाग लिया। इसमें पारस पब्लिक स्कूल भवारना के दिव्यांश डोगरा, रीत राज, आस्था, अक्षिता, आरुषि, अक्षित, शौर्य, अनिकेत, शौर्य वर्मा, अनिरुद्ध, हार्दिक, ईशान कोंडल ने जूडो, चैस और बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा दसवीं के दिव्यांश डोगरा ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक और कक्षा आठवीं की रीत राज और आस्था ने कांस्य पदक हासिल किया। जूडो में कक्षा दसवीं की अक्षिता और आरुषि ने कांस्य पदक हासिल किया। चैस प्रतियोगिता में पारस पब्लिक स्कूल भवारना जिले भर में चौथे स्थान पर रहा। बच्चों को सफलता दिलाने में बॉक्सिंग की कोच रचना, जूडो के कोच पुरुषोत्तम और चैस के कोच अरुण का मुख्य योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने शानदार उपलब्धि पर विजेताओं को बधाई दी।



## तकीपुर अस्पताल परिसर में स्वयंसेवियों ने की सफाई

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तकीपुर में सफाई अभियान चलाया, जिसमें हॉस्पिटल के परिसर तथा आसपास साफ-सफाई की गई। जिसका उद्देश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस पर एनएसएस कार्यकम अधिकारी प्रो. प्रीति और प्रो लेखराज ठाकुर ने बताया कि आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवियों ने साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने सभी तकीपुर वासियों से अपील की कि स्वच्छता के इस महा अभियान में एक साथ मिलकर अपने गांव व कस्बे में अधिक संख्या में शामिल होकर सहभागी बने। इस कार्यक्रम में प्रो. विजय कुमार ने भी स्वयंसेवियों के साथ श्रमदान किया।

**कार्यशाला** शेयर बाजार की समझ स्टूडेंट्स को सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए कैसे बनाएगी सशक्त : विवेक

## अरनी विश्वविद्यालय में 'स्टॉक मार्केट' पर हुई कार्यशाला

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अरनी विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन और वाणिज्य विभाग ने हाल ही में 'स्टॉक मार्केट और निवेश प्रबंधन को समझना' शीर्षक पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन चांसलर, डॉ. विवेक सिंह ने किया, जिनके प्रेरक शब्दों ने दिन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया।

उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि कैसे शेयर बाजार की समझ छात्रों को सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए सशक्त बना सकती है एवं छात्रों को वित्तीय निर्णय लेने के लिए व्यावहारिक कौशल से लैस किया गया, जिससे उन्हें बुद्धिमानी से निवेश करने और अपने दैनिक खर्चों, भविष्य के लक्ष्यों और समग्र वित्तीय कल्याण का समर्थन करने के लिए अधिशेष उत्पन्न करने के तरीकों का पता लगाने में मदद मिलेगी। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय बाजारों में आत्मविश्वास से नेविगेट करने और एक स्थिर वित्तीय नींव बनाने के लिए ज्ञान के साथ सशक्त बनाना है। प्रो. वाइस चांसलर डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने छात्रों को वित्तीय बाजारों में सक्रिय रूप से शामिल होने और अपनी क्षमता का दोहन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनकी अंतर्दृष्टि ने अकादमिक शिक्षा के पूरक में व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे उपस्थित लोगों को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरणा मिली।




छात्र दिशांत (शेयर बाजार और निवेश में क्षेत्र विशेषज्ञ) वर्तमान में बीबीए कर रहे थे। ट्रेडिंग में व्यापक अनुभव और यू-ट्यूब पर 40,000 से अधिक ग्राहकों के समर्पित है। दिशांत ने शेयर बाजार परिदृश्य में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। जैसे ही कार्यशाला समाप्त हुई, विभागाध्यक्ष, इरशाद सोफी ने एक भावपूर्ण निष्कर्ष दिया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और व्यावहारिक शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। छात्र कल्याण डीन, डॉ. सुनीता ने दिशांत को उनके योगदान के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह भेंट किए, साथ ही उनके भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विभिन्न संकाय सदस्यों और छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिससे एक सहयोगात्मक और समृद्ध वातावरण तैयार हुआ। (अनंत ज्ञान)

## नेहा कपूर फाउंडेशन ने भोडा स्कूल में किया पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में समाजसेवी संस्थान नेहा कपूर फाउंडेशन के सौजन्य से मान सिंह कपूर द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल, स्कूल ईको क्लब अधिकारी संजय कुमार कटोच व महिला अधिकारी रुचिका राणा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा बच्चों को अपने संबोधन में शरीर को स्वस्थ रखने हेतु र्श्तुचर्या तथा दिनचर्या पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल परिसर में अमरूद का पौधा भी लगाया गया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार, रूबी, संदीप, संजय कटोच, राकेश, चंद्र किशोर, विजय, नीलम, रमेश आदि ने विशेष रूप से भाग लिया।

‘**हमें** शांति के लिए उसी प्रकार बहादुरी से लड़ना होगा, जैसे हमने युद्ध में लड़ा था। –**लाल बहादुर शास्त्री**

## संपादकीय

# मछली उत्पादन से रोजगार

हिमाचल प्रदेश में ट्राउट मछली के उत्पादन में पिछले साल के मुकाबले 15.70 फीसदी की बढ़ोतरी होना शुभ संकेत है। इससे एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि हिमाचल में मछली उत्पादन की बहुत संभावनाएं हैं। यहां की ठंडी जलवायु ट्राउट मछली जैसी प्रजातियों के लिए उपयुक्त है, जो उच्च मांग वाली और लाभदायक हैं। एक और खास बात है कि राज्य में मछली पालन के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियां भी हैं, जैसे कि झीलें, नदियां और तालाब। इस बार हिमाचल प्रदेश में ट्राउट मछली के उत्पादन ने रिकॉर्ड बनाया है। साल 2022-23 में ट्राउट मछली का उत्पादन 1 हजार 170.50 मीट्रिक टन था। यह उत्पादन साल 2023-24 में बढ़कर 1 हजार 388 मीट्रिक टन का आंकड़ा पार कर गया है। साल 2021-22 में ट्राउट मछली का उत्पादन 913.50 मीट्रिक टन था। बड़े शहरों के फाइव स्टार होटलों में ट्राउट की डिमांड रहती है। हिमाचल प्रदेश के साथ लगते चंडीगढ़ और देश की राजधानी दिल्ली में हिमाचली ट्राउट की खुशबू महकती है। कुल्लू और मंडी में हो रहे ट्राउट के उत्पादन से इस मांग को पूरा किया जा रहा है। हालांकि, सिरमौर, शिमला, चंबा और किन्नौर जिले में भी ट्राउट उत्पादन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं और इसके लिए बकायदा ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में नौ ट्राउट हैचरी हैं, जबकि निजी क्षेत्र में छह ट्राउट हैचरी चल रही हैं। ये हैचरी मछली पालकों को उत्पादन के लिए बीज दे रही हैं। ट्राउट के रिकॉर्ड उत्पादन से उत्साहित सीएम सुक्खू ने अब मछली उत्पादन पर जोर दिया है। उन्हें इस क्षेत्र में प्रदेश की आर्थिकी में बढ़ोतरी होने की संभावनाएं नजर आने लगी हैं। निश्चित रूप से सीएम का यह फैसला वाकई काबिलेतारीफ है। सुक्खू सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिले। हिमाचल प्रदेश में हजारों परिवार अपनी अजीविका के लिए मछली पालन पर निर्भर हैं। राज्य सरकार प्रदेश में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीति बनाने जा रही है। इससे जहां एक ओर राज्य के मछुआरों की आर्थिकी मजबूत होगी, तो वहीं, मछली पालन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने की संभवानाएं भी बढ़ जाएंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।

मछली उत्पादन से राज्य की अर्थव्यवस्था में वृद्धि हो सकती है, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत बन सकता है। मछली एक पौष्टिक आहार है, जो लोगों को आवश्यक प्रोटीन प्रदान करती है, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो सकता है। हिमाचल में मछली उत्पादन से सरकार की आर्थिक हालत में सुधार हो सकता है, क्योंकि मछली उत्पादन से सरकार को राजस्व मिल सकता है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था में वृद्धि हो सकती है। हिमाचल की मछली अन्य राज्यों और देशों में निर्यात की जा सकती है, जिससे विदेशी मुद्रा आय में वृद्धि हो सकती है। इस प्रकार, हिमाचल में मछली उत्पादन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में वृद्धि कर सकता है और लोगों को रोजगार और पोषण सुरक्षा प्रदान कर सकता है। कुल मिलाकर मछली पालन आज के समय में रोजगार का एक बेहतर जरिया बन सकता है। देश के कई हिस्सों में युवा मछली उत्पादन से जुड़कर रोजगार कर रहे हैं और लाखों रुपए कमा रहे हैं। मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए नई तकनीक और नई पद्धति का भी इस्तेमाल हो रहा है। नई तकनीक और पद्धति के जरिए कम जगह में भी बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सकता है। साथ ही अधिक उत्पादन से अधिक कमाई भी होती है।

वर्तमान समय में पारंपरिक मछली पालन से अधिक तकनीक आधारित मछली पालन पर फोकस करना बेहतर रहता है। बॉयोफ्लॉक, आरएएस, केज (पेन) कल्चर के अलावा अन्य तकनीकों का इस्तेमाल भी मछली उत्पादन में हो रहा है। मछली पालन की एक और विधि है मिश्रित मछली पालन। इस विधि के जरिए मछली पालन करके मुनाफा आधारित उत्पादन हासिल किया जा सकता है। मिक्स फार्मिंग या मिश्रित मछली पालन भी मिक्स फार्मिंग या मिश्रित खेती की ही तरह होती है। इसमें अलग-अलग प्रकार की मछलियों का पालन किया जाता है, जिसके तहत कार्प मछली और कैट फिश को एक साथ मिलाकर पाला जाता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि एक ही जगह से उत्पादन तीन से पांच गुना तक बढ़ जाता है। उत्पादन

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के दूसरे प्रधानमंत्री

**लाल** बहादुर शास्त्री एक प्रसिद्ध भारतीय राजनेता, महान स्वतंत्रता सेनानी और जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वे एक ऐसी हस्ती थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को न सिर्फ सैन्य गौरव का तोहफा दिया, बल्कि हरित क्रांति और औद्योगीकरण की राह भी दिखाई। शास्त्री जी किसानों को जहां देश का अन्नदाता मानते थे, वहीं देश के सीमा प्रहरियों के प्रति भी उनके मन में अगाध प्रेम था जिसके चलते उन्होंने ‘जय जवान, जय किसान’ का नारा दिया। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म मुगलसराय, उत्तर प्रदेश में ‘मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव’ के यहां हुआ था। इनके पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। अत: सब उन्हें ‘मुंशी जी’ ही कहते थे। बाद में उन्होंने राजस्व विभाग में लिपिक (क्लर्क) की नौकरी कर ली थी। लालबहादुर की मां का नाम ‘रामदुलारी’ था। परिवार में सबसे छोटा होने के कारण बालक लालबहादुर को परिवार वाले प्यार से नन्हें कहकर ही बुलाया करते थे। जब नन्हें अठारह महीने का हुआ तब दुर्भाग्य से पिता का निधन हो गया।



**लाल बहादुर शास्त्री**
**जन्म :** 2 अक्तूबर, 1904
**मृत्यु :** 11 जनवरी, 1966

उसकी माँ रामदुलारी अपने पिता हजारीलाल के घर मिर्जापुर चली गईं। 1928 में उनका विवाह गणेश प्रसाद की पुत्री ‘ललिता’ से हुआ। ललिता जी से उनके छह संतानें हुईं, चार पुत्र-हरिकृष्ण, अनिल, सुनील व अशोक और दो पुत्रियां-कुसुम व सुमन। उनके चार पुत्रों में से दो- अनिल शास्त्री और सुनील शास्त्री अभी भी हैं, शेष दो दिवंगत हो चुके हैं। ■

## अपनी बात

**श्राद्ध** क्यों जरूरी है, इस पर चर्चा करने के बाद यह जानना भी बेहद जरूरी है कि, श्राद्ध अगर नहीं किया, तो इससे क्या होगा, यानी इससे क्या हानि हो सकती है। यह इसलिए भी जानना जरूरी है क्योंकि हिंदू धर्म शास्त्रों में प्रतिवर्ष श्राद्ध करने की बात कही गई है, लेकिन कुछ निरीश्वरवादी इसका विरोध भी करते हैं। इसलिए श्राद्धविधि न करने पर इससे होने वाली संभावित हानि के बारे में भी आपको जरूर जानना चाहिए। हिंदू धर्म ने प्रत्येक विषय पर बहुत ही गहन विचार किया है। शास्त्रों में ऐसे लोगों के लिए प्रावधान या उपाय बताए गए हैं जो आर्थिक रूप से श्राद्ध करने के लिए सक्षम नहीं हैं, लेकिन आधुनिक विज्ञान युग में रहकर लोग धर्म शास्त्रों से जुड़ी बातों पर विश्वास नहीं करते और धीरे-धीरे नास्तिक होते जाते हैं। आइये आपको बताते हैं अगर पितरों का श्राद्ध कर्म न किया जाए, तो क्या होता है। पूर्वजों की अतृप्ति के कारण होने वाले कष्ट को पितृदोष कहते हैं। पितृदोष दो तरह से निर्मित होता है। पहला इस जन्म के कर्म से और दूसरा पूर्व जन्म में किए गए कर्म से। पूर्व जन्मों के कर्म कुंडली में स्वत: आ जाते हैं। अगर किसी की जन्म कुंडली में गुरु 10वें भाव में है तो इसे पूर्ण पितृदोष माना जाता है। वहीं गुरु के सातवें घर में होने से आंशिक पितृदोष होता है। **कुशल कुमार, कोहाला**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# अतुलनीय है महात्मा गांधी जी का बलिदान

**महात्मा गांधी की जयंती पर विशेष**

भारत के क्रांतिकारियों ने उपनिवेशवाद का अगर जमकर विरोध नहीं किया होता, तो दक्षिण एशिया के देश भी इसकी सीख कभी नहीं लेते। क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विरोध की ज्वाला इस कदर भड़काई कि पड़ोसी देशों ने आग में पेट्रोल डालने का काम करके स्वयं भी आजादी पाई थी। अपने देश का इतिहास सदियों से संघर्षमयी रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ब्रिटिश हुकूमत के सख्त विरोधी रहे। इसके लिए उन्होंने जीवन भर संघर्ष की राह अपनाए रखी। देश को आजादी दिलाने में बापू का योगदान सर्वश्रेष्ठ है। बापू के जन आंदोलन से प्रेरित होकर अन्य देशों ने भी आजादी की मांग उठाई थी।

सोने की चिड़िया कहलाए जाने वाले भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी ऐसे ही नहीं मिली है। आजादी के परवानों ने इसके लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं। भारत लंबे समय तक ब्रिटिश हुकूमत का उपनिवेशवाद रहा था। भारत के अलावा पड़ोसी देशों का भी ठीक ऐसा ही इतिहास रहा है। भारत को गुलामी की जंजीरों से निकालने के लिए भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद, ऊधम सिंह आदि अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने कुर्बानियां दी हैं। वहीं राष्ट्रपिता मोहनदास कर्मचंद गांधी के बलिदानों को आज स्मरण रखने की अधिक जरूरत है। अहिंसा के पुजारी कर्मचंद गांधी ने ब्रिटिश हुकूमत की प्रत्येक ज्यादतियों पर उन्हें करारी शिकस्त दी। नतीजतन देश की जनता का साथ सदैव उन्हें मिलने की वजह से जन आंदोलन खड़ा होने में कतई देर नहीं लगी। प्रत्येक वर्ष 2 अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन शिक्षण संस्थानों सहित सरकारी क्षेत्रों में अवकाश रहता है और जनता को उनके मार्गों पर चलने की सीख दी जाती है।

वह भारत के राष्ट्रपिता तथा बापू के नाम से विख्यात हैं। किसी व्यक्ति विशेष को राष्ट्रपिता का स्थान देना हमारे भारतीय संविधान में उल्लेखित नहीं है। 15 जून 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने महात्मा गांधी जयंती पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। जयंती पर प्रार्थना सभा, स्मरणीय समारोह, नाटक मंचन, भाषण, व्याख्यान, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला और कविता पाठ शिक्षण संस्थानों, सामाजिक और राजनीतिक संस्थानों में ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वालों को इनाम से नवाजा जाता है। वह एक देशभक्त थे और अहिंसा के पथ पर चलते हुए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ हमेशा जंग जारी रखी। बापू अहिंसा के पुजारी रहे, जिसके चलते ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की लड़ाई जीतने के लिए अहिंसा और सच्चाई के पथ पर अग्रसर रहे। वह कई बार जेल भी गए, हालांकि देश को आजादी मिलने तक अपना आंदोलन जारी रखा था। वह हमेशा सामाजिक समानता में भरोसा रखते थे। इसलिए अस्पृश्यता के घोर खिलाफ थे।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सरकारी अधिकारियों द्वारा नई दिल्ली राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर प्रत्येक वर्ष फूल मालाएं चढ़ाई जाती हैं। राजघाट को फूल मालाओं से सजाया जाता है और नेतागण बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इसे पूरे देशभर के शिक्षण संस्थानों में खास तौर पर राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्तूबर 1869 को एक छोटे से तटीय शहर पोरबंदर (गुजरात) में हुआ था। कर्मचंद उनके पिता का नाम था। 1914 में उन्हें महात्मा की उपाधि मिली। गांधी एक विचारधारा का नाम कहे जाने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। उनका मानना था कि कुछ ऐसा जीवन जिओ जैसे कि कल तुम मरने वाले हो, कुछ ऐसा सीखो जैसे कि तुम हमेशा के लिए जीने वाले हो। अहिंसा मानवता के लिए सबसे बड़ी ताकत है। यह आदमी द्वारा तैयार किए गए विनाशकारी हथियार से अधिक शक्तिशाली है। पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है क्योंकि पुस्तकें आत्मा को उज्ज्वल करती हैं। केवल सच ही दुनिया में अकेला खड़ा रहता है। उसे किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ती है। आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी।

अधिकांश लोग उनके प्रसिद्ध आंदोलन दांडी मार्च और भूख हड़ताल को याद करते हैं। महात्मा गांधी ने आजादी के लिए दलित लोगों को सम्मान दिलाने के लिए बहुत संघर्ष किया। उनके कार्यों में महिलाओं के लिए नागरिक अधिकार व जाति व्यवस्था का उन्मूलन भी शामिल है। महात्मा गांधी के अंतिम दाह संस्कार में लगभग दस लाख लोग शामिल हुए थे। उनकी शव यात्रा आठ किलोमीटर लंबी थी, जो घंटों तक चली। ग्रेट ब्रिटेन, जिस देश के खिलाफ उन्होंने स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी, ने उनकी मृत्यु के 21 साल बाद उन्हें सम्मानित करते हुए, एक डाक टिकर जारी किया। भारतीय रिजर्व बैंक ने 1996 में अपनी शुरुआत के बाद से महात्मा गांधी की छवि प्रदर्शित करके बैंक नोट जारी किए। गांधी ने भारत के सबसे निचली जाति के अछूतों के लिए समान अधिकार की मांग के लिए भूख हड़ताल तक की। महात्मा गांधी ने समानता का हक पाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लंबी लड़ाई लड़ी, मगर देश को आजाद हुए साढ़े सात दशक गुजर जाने के बावजूद असमानता, जातिवाद, भ्रष्टाचार, क्षेत्रवाद, भाषावाद, सांप्रदायिकता, नस्लवाद आदि बुराइयों को हम आज भी खत्म नहीं कर पाए, जो सफल लोकतंत्र के मार्ग में बहुत बड़ी बाधाएं हैं।

बापू ने अकेले अपनी विचारधारा से जन आंदोलन खड़ा करके देश को आजादी दिलाई थी, मगर आज भ्रष्ट राजनीति के चलते हालात खराब हो रहे हैं। आज आजादी सभी चाहते हैं, मगर महात्मा गांधी बनने को कोई तैयार नहीं है। आज देश कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, मगर बहुत कम लोगों में समाज और राष्ट्र का पुनर्निर्माण किए जाने का जज्बा है। सोशल मीडिया में महात्मा गांधी व प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का उपहास उड़ाया जाता है जो कि संकीर्ण मानसिकता की उपज ही कहा जा सकता है। गांधी अपने पूरे जीवन काल में रोजाना 18 किलोमीटर पैदल चलते थे। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोड्से ने उनकी हत्या कर दी, लेकिन स्वतंत्रता आंदोलन में अपने योगदान के कारण वह आज भी याद किए जाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# तिरुपति बालाजी में आहत हुई लोगों की आस्था

आज की तारीख में मिलावट मुक्त कोई भी चीज नहीं मिलती। जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स, तेल, फल, सब्जियां, अनाज, चाय, कॉफी, शहद आदि सहित लगभग हर खाद्य पदार्थ मिलावट युक्त है। मिलावटी खाद्य पदार्थ के सेवन से लोगों में कई तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियां भी पनपती है। जिनमें छोटी-मोटी बीमारियों से लेकर जानलेवा बीमारियों तक शामिल हैं। यह बात प्रत्येक व्यक्ति को मालूम भी है, लेकिन इस तंत्र के खिलाफ आवाज उठाने की हिमाकत कोई नहीं करता। बस थोड़ी बहुत सतर्कता हम अपने हिसाब से बरत लेते हैं और आशंकित चीजें प्रयोग करने से बचते हैं। मगर आज मिलावट मंदिर के प्रसाद में हुई है।



**लेखिका : बिषना गाजटा**
शिमला, हिप्र

वह भी तिरुपति बालाजी के मंदिर में, जो विश्व के पालनहार भगवान विष्णु जी का मंदिर है। तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डू प्रसाद का इतिहास बेहद प्राचीन और समृद्ध माना जाता है। यह लड्डू भगवान वेंकटेश्वर (बालाजी) के तिरुपति मंदिर की परंपराओं, भक्ति और श्रद्धा से जुड़ा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि भगवान बालाजी ने स्वयं इसकी विधि बताई थी और देवी लक्ष्मी जी ने इसे अपने हाथों से तैयार किया था। आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति मंदिर भारत के सबसे धनी मंदिरों में से एक माना जाता है। जहां सालभर करोड़ों श्रद्धालु देश के कोने-कोने से दर्शन के लिए आते हैं और तिरुपति बालाजी मंदिर का लड्डू प्रसाद, आध्यात्मिकता का प्रतीक और भगवान बालाजी की कृपा का प्रतीक माना जाता है।

उनके उपासक जो कि प्याज, लहसुन तक को हाथ नहीं लगाते और हर श्रद्धालु जो मांस मछली को खाना पाप समझते हैं। उन्होंने बालाजी के मंदिर का वसायुक्त प्रसाद सौभाग्य समझकर ग्रहण किया है। मिलावटखोरों तनिक विचार करों, उनके मन-मस्तिष्क और आत्मा को तुमने अपने निजी स्वार्थ के लिए किस कदर आहत किया है और सिर्फ उनको ही नहीं पूरे भारतवर्ष के लोगों को आहत किया है क्योंकि हर वो स्थान जहां से लोगों की आस्था और विश्वास जुड़ा होता है। बहुत बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। जिसमें दोषी एक दो नहीं, बल्कि पूरे का पूरा एक गिरोह है। ऐसा गिरोह जिसके लिए सिर्फ अपना फायदा सर्वोपरि है, लोगों की आस्था लोगों का स्वास्थ्य उनके लिए कोई मायने नहीं रखता। उनको यदि सजा मिल भी जाएगी, तब भी श्रद्धालुओं की आहत हुई आत्मा तृप्त नहीं हो पाएगी। उन सभी मिलावटखोरों और उनका साथ दे रहे हर व्यक्ति को कानून कितनी भी कड़ी सजा दे दें। फिर भी वो कम ही होगी उनके कृत्यों की असली सजा तो केवल ईश्वर के दरबार में ही संभव है। उचित होगा कि अब आने वाले समय में पूजा-पाठ और श्रद्धा, आस्था के नाम पर केवल अपना भाव अर्पण करों और भोग अथवा प्रसाद स्वरूप भी भाव ही ग्रहण करों। न जाने, आने वाले समय में कौन-कौन से मंजर देखने पड़ जाएं। एक तो लोगों की भावनाएं और आस्था आहत हो रही है और दूसरा मिलावटी वस्तुएं खाने से जीवन भी खतरे में है। मिलावटखोर जब भगवान से भयभीत नहीं होते, आमजन से उनको क्या ही भय होगा। भगवान को जो सीधे-सीधे चुनौती दे रहे हैं। लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। **( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**कविता**



## क्या लिखूं मैं कैसे लिखूं

**रवींद्र कुमार शर्मा**

*तुम ही बताओ देखकर आजकल के हालात*
*बयां नहीं कर पाऊं अपने जज्बात*
*कहीं पर मजहब भारी पड़ रहा*
*कहीं पर हो रही जात-पात*
*तुम ही बताओ क्या लिखूं मैं कैसे लिखू*
*बेटियां क्यों नहीं सुरक्षित*
*क्यों नहीं कोई कुछ कर पाते*
*झूठे दिलासे दे देकर सभी को*
*आखिर कब तक रहोगे फुसलाते*
*तुम ही बताओ क्या लिखूं मैं कैसे लिखूं*
*भ्रष्टाचार का हर तरफ बोलबाला*
*मंदिरों के प्रसाद तक को नहीं छोड़ा*
*तुम ही बताओ क्या लिखूं मैं कैसे लिखूं*
*जनसंख्या का हो रहा विस्फोट*
*एक परिवार बंट गया कई हिस्सों में*
*तुम ही बताओ क्या लिखूं मैं कैसे लिखूं*
*साधु भेष धर कर ठग रहे लोगों को*
*अंधभक्त लोग फिर भी नहीं रहे जाग*
*तुम ही बताओ क्या लिखूं मैं कैसे लिखूं।*

# महात्मा गांधी का भारत की आजादी में योगदान

महात्मा गांधी, जिनका पूरा नाम मोहनदास कर्मचंद गांधी था, एक महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अहिंसा के पुजारी थे। उनका जन्म 2 अक्तूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। गांधी जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक प्रमुख भूमिका निभाई और उन्हें ‘राष्ट्रपिता’ के रूप में भी सम्मानित किया जाता है। गांधी जी की शिक्षा इंग्लैंड में हुई, जहां से उन्होंने कानून की पढ़ाई की। वकील बनने के बाद वे दक्षिण अफ्रीका गए, जहां उन्होंने भारतीय समुदाय के खिलाफ हो रहे भेदभाव का सामना किया और यहीं से उनके जीवन में सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों का बीजारोपण हुआ। दक्षिण अफ्रीका में 21 साल बिताने के बाद, गांधी जी भारत लौटे और ब्रिटिश शासन के खिलाफ विभिन्न आंदोलनों का नेतृत्व किया।

महात्मा गांधी द्वारा किए गए, आंदोलन महात्मा गांधी, जिन्हें बापू के नाम से भी जाना जाता है, ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में किए गए विभिन्न आंदोलनों ने न केवल भारत को स्वतंत्रता की दिशा में अग्रसर किया, बल्कि दुनिया को भी अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। महात्मा गांधी द्वारा किए गए ये आंदोलन न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण अध्याय हैं, बल्कि वे दुनिया को सत्य और अहिंसा की ताकत का अहसास भी कराते हैं। गांधी जी के नेतृत्व में किए गए ये आंदोलन भारत की स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुए और आज भी उनकी शिक्षाएं और आदर्श मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। यहां महात्मा गांधी द्वारा किए गए प्रमुख आंदोलनों का वर्णन किया गया है।

1 चंपारण सत्याग्रह (1917) चंपारण सत्याग्रह महात्मा गांधी द्वारा भारत में किया गया पहला बड़ा आंदोलन था। यह बिहार के चंपारण जिले में हुआ, जहां ब्रिटिश जमींदार गरीब किसानों से जबरन नील की खेती करा रहे थे। इस अन्याय का सामना करने के लिए गांधी जी ने सत्याग्रह का मार्ग अपनाया, जिससे ब्रिटिश सरकार को नील की खेती के अत्याचार को समाप्त करने पर मजबूर होना पड़ा। यह आंदोलन भारतीय किसानों की पहली बड़ी जीत थी और गांधी जी के नेतृत्व को पूरे देश ने स्वीकारा।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

2. असहयोग आंदोलन (1920-1922) जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद, गांधी जी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ असहयोग आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन का उद्देश्य ब्रिटिश सरकार की नीतियों का विरोध करना और स्वराज की प्राप्ति करना था। गांधी जी ने लोगों से अपील की कि वे सरकारी नौकरियों, विदेशी वस्त्रों और ब्रिटिश संस्थानों का बहिष्कार करें। लाखों भारतीयों ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया, जिससे ब्रिटिश सरकार को भारी नुकसान हुआ। हालांकि, चौरी चौरा कांड के बाद गांधी जी ने इस आंदोलन को वापस ले लिया, लेकिन इसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाया।

3. नमक सत्याग्रह (दांडी मार्च, 1930) महात्मा गांधी द्वारा चलाया गया नमक सत्याग्रह, जिसे दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है, ब्रिटिश सरकार के नमक कर के खिलाफ एक अहिंसक विरोध था। 12 मार्च 1930 को गांधी जी ने साबरमती आश्रम से दांडी गांव तक 24 दिनों का पैदल मार्च किया और वहां समुद्र से नमक बनाकर ब्रिटिश कानून का उल्लंघन किया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश शासन की जड़ें हिला दीं और यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बना।

4. दलित आंदोलन (1932) महात्मा गांधी ने दलितों के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। 1932 में उन्होंने अखिल भारतीय छुआछूत विरोधी लीग की स्थापना की और छुआछूत विरोधी आंदोलन की शुरुआत की। उनका उद्देश्य समाज से अस्पृश्यता को समाप्त करना और दलितों को समान अधिकार दिलाना था। इसके लिए उन्होंने उपवास और सत्याग्रह का सहारा लिया, जिससे भारतीय समाज में जागरूकता आई और दलितों के उत्थान के लिए कई सुधार किए गए। 5. भारत छोड़ो आंदोलन (1942) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की, जिसका नारा था ‘करो या मरो’। इस आंदोलन का उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से तत्काल स्वतंत्रता दिलाना था। गांधी जी के इस आह्वान पर पूरे देश में लाखों लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार को समझा दिया कि अब भारतीयों को अधिक समय तक गुलाम नहीं रखा जा सकता और इसके बाद ही स्वतंत्रता के लिए अंतिम चरण की तैयारियां शुरू हुईं। भारत की आजादी के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ अनेक आंदोलन लड़े और भारत को आजादी दिलाई।

गांधी जी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का आयोजन किया गया, जिनमें असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन प्रमुख हैं। उनकी नीतियों में सत्य, अहिंसा, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का महत्व था। गांधी जी ने भारतीय समाज को जाति-भेद, छुआछूत, और सामाजिक अन्याय के खिलाफ जागरूक किया और स्वतंत्रता संग्राम को एक नैतिक आधार प्रदान किया। 1947 में भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी गांधी जी ने सामाजिक समरसता और शांति की दिशा में काम जारी रखा। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा उनकी हत्या कर दी गई, लेकिन उनके सिद्धांत और विचारधारा आज भी पूरी दुनिया में प्रेरणा का स्रोत हैं। गांधी जी का जीवन एक ऐसा मार्गदर्शक है, जो मानवता को सत्य, अहिंसा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दोनों ही लोकप्रिय, मानवतावादी, सत्य अहिंसा के पुजारी थे

2 अक्तूबर का दिन जो कि विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है, विश्व प्रसिद्ध दो विशेष विभूतियों से जुड़ा है और ये विभूतियां हैं, हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व दूसरे देश के द्वितीय प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री जी। दोनों ही हस्तियों का संबंध जहां देश के स्वतंत्रता आंदोलन से रहा है, वहीं दोनों ही लोकप्रिय, मानवतावादी, सत्य अहिंसा के पुजारी के साथ ही बिना किसी जाति वर्ग व रंग भेद के सब को साथ लेकर चलने वाले थे। इसीलिए 2 अक्तूबर की इस जयंती समारोह के अवसर पर दोनों को याद करते हुए सभी अपने-अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते नहीं थकते। यदि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की बात की जाए, तो हमें पता चलता है कि उनका जन्म गुजरात के पोरबंदर नमक स्थान में, माता पुतली बाई व पिता कर्मचंद गांधी जी के यहां 2 अक्तूबर 1869 में हुआ था। महात्मा गांधी के पिता काठियावाड़ की रियासत पोरबंदर के दीवान थे।

जब महात्मा गांधी जी केवल साढ़े तेरह बर्ष के ही थे तो उनकी शादी कस्तूरबा बाई से वर्ष 1883 के मई मास में करा दी थी। वर्ष 1885 में जब केवल 15 बर्ष के ही थे, तो उनकी पहली संतान हुई, लेकिन वह बच नहीं पाई, कुछ दिनों के पश्चात उनके पिता कर्मचंद गांधी भी चल बसे थे। बाद में गांधी जी के चार बेटे हुए थे। गांधी जी अपनी आठवीं तक की शिक्षा पोरबंदर से व दसवीं राजकोट से करने के पश्चात भावनगर कॉलेज में ही दाखिल हो गए थे और फिर कानून की शिक्षा ग्रहण करने के लिए 4 दिसंबर 1888 को यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के लिए इंग्लैंड पहुंच गए थे।

बाद में इंग्लैंड से वापस पहुंच कर बंबई में कुछ दिन वकालत का काम करने लगे, लेकिन सफल न होने के कारण उन्होंने गरीब लोगों की मदद करके व उनके प्रार्थना पत्र(अर्जियां)लिख कर सहायता करते रहे, लेकिन शीघ्र ही उन्हें अंग्रेजों के कारण राजकोट छोड़ना पड़ गया और 1893 में वकालत के लिए दक्षिण अफ्रीका के नेटाल पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका में भी अंग्रेजों का व्यवहार प्रवासी भारतीयों के साथ ठीक नहीं था। भारतीयों और अफ्रीका के मूल निवासियों को उधर बड़ी ही हीन भावना से देखा जाता था। एक बार गांधी जी प्रथम श्रेणी के टिकट के साथ रेल में सफर कर रहे थे, तो उन्हें धक्के मार कर नीचे उतार दिया था। भारतीयों को बड़े-बड़े होटलों व रेस्टोरेंट में जाने का प्रतिबंध था। एक बार तो गांधी जी को वहां के न्यायधीश ने पगड़ी उतारने तक को कह दिया था। इतना ही नहीं भारतीयों को सेना में ऊंचे पदों पर नहीं लगाया जाता था।



**लेखक : डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

दक्षिणी अफ्रीका में अंग्रेजों के विरुद्ध सत्याग्रह द्वारा प्रदर्शन गांधी जी द्वारा 1914 तक, जब तक वहां रहे चलता रहा।

वर्ष 1915 में जब गांधी जी भारत लौट आए, तो यहां पर भी उन्होंने किसानों, श्रमिकों व आम लोगों की समस्याओं तथा भूमि कर में भेदभाव को देख कर अंग्रेजों के विरुद्ध बड़े ही अहिंसक तरीके से आवाज उठाते रहे। 1918 में चंपारण व खेड़ा में नील की खेती के लिए सत्याग्रह करने पर उन्हें जेल में भी डाल दिया था, लेकिन शीघ्र ही रिहाई भी कर दी थी। वर्ष 1921 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बागडोर संभालने के पश्चात ही गांधी जी ने महिला अधिकारों, दरिद्रता मुक्ति,धार्मिक नीतियों, आत्मनिर्भरता व अस्पर्शता आदि के विरुद्ध कार्यक्रम चलाने शुरू कर दिए थे। वर्ष 1922 में उनके द्वारा चलाया असहयोग आंदोलन हिंसा के डर के कारण उन्होंने खुद ही वापस ले लिया था, लेकिन गांधी जी को फिर भी पकड़ लिया गया था और 10 मार्च 1922 को उन पर राजद्रोह का अभियोग लगाकर 6 साल की कैद की सजा सुनाई गई थी, लेकिन गांधी जी के बीमार हो जाने के कारण उन्हें दो साल बाद 1924 में छोड़ दिया गया था।

वर्ष 1930 में अंग्रेज सरकार द्वारा नमक पर टैक्स लगाने के विरुद्ध, गांधी जी ने सत्याग्रह करते हुए, डांडी यात्रा का आयोजन करके अग्रेजों को हिला कर रख दिया था। जब कि लगभग 400 किलोमीटर (अहमदाबाद से डांडी तक)की उस यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया था। 1942 में भारत छोड़ों आंदोलन चला कर भी गांधी जी कई बार जेल गए, लेकिन उनकी सत्य और अहिंसा का पालन की नीति कभी भी डगमगाई नहीं। सामरमती आश्रम के सादे जीवन में सूती धोती, शाल, चरखे की कताई व सदा भोजन ही हमेशा उनके साथ बने रहे। तभी तो 1915 में ही उन्हें राज वैद्य जीव राम काली दास ने महात्मा कहकर संबोधित किया था।

स्वामी श्रद्धानंद जी ने भी यही शब्द गांधी जी के लिए कहे थे। जब कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने वर्ष 1944 की 6 जुलाई को गांधी जी के लिए राष्ट्रपिता के नाम से (रंगून रेडियो से) संबोधित करते हुए शुभकामनाएं मांगी थीं। आखिर भारत के वीर सपूतों, क्रांतिकारियों, असंख्य शहीदों की कुर्बानियों के साथ सत्य अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जी 15 अगस्त 1947 को देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त करवा कर ही रहे, लेकिन स्वतंत्रता के शीघ्र बाद ही 30 जनवरी 1948 को नाथू राम गोडसे ने महात्मा गांधी पर गोली चला कर, उन्हें जान से मार डाला। बापू गांधी हे राम के उच्चारण के साथ ,,,,,सबको छोड़ कर सदा-सदा के लिए चले गए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सुकेत रियासत में नवरात्र की तैयारी पूरी



**भीम बसेड़ु, महादेव।** शरद नवरात्रि पर्व यानि नौ दिनों के दैवी शक्ति के दर्शनों को लेकर जहां स्थानीय कोयला माता मंदिर को दैवी शक्ति का जाप कर सजाया-संवारा गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। इसके साथ ही आसपास के दूर-दूर तक मशहूर दैवी शक्ति मंदिरों खासकर प्राचीन कोयला माता मंदिर राजगढ़, दयारगी गांव के समीप हाटेश्वरी माता मंदिर, गांव कलाहोड के पास भौण धार का शीतला माता मंदिर, गांव भराड़ी का भद्रकाली माता मंदिर, गांव जय देवी का दैवी शक्ति मंदिर, पुराना नगर के दैवी शक्ति मंदिर, डैहर गांव का शीतला माता मंदिर, गांव नौलखा का शिकारी (शाकंभरी) माता मंदिर तथा पूर्व सुकेत (सुंदरनगर) रियासत का देहरी प्रांगण में विशाल मंदिर भी शामिल है। मंदिरों में रात्रि जागरण, भजन कीर्तन करने, पूजा -पाठ, अन्य बड़े धार्मिक अनुष्ठानों सहित प्रसाद-भंडारों आदि के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अभी से ही श्रद्धालुओं का जोश देखने को मिल रहा है जो उनके भक्तिभाव को दर्शाता है।

### नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश



**अनंत ज्ञान, करसोग।** नगर पंचायत करसोग ने राजकीय महाविद्यालय करसोग के ड्रामेटिक क्लब के विद्यार्थी सदस्यों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रस्तुतियां देकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। जागरूकता कार्यक्रम में तहसीलदार करसोग वरुण गुलाठी ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत राजकीय महाविद्यालय करसोग के ड्रामेटिक क्लब के छात्र सदस्यों ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुराना बाजार, नागरिक चिकित्सालय करसोग, बस अड्डा और तहसील कार्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर पंचायत सचिव बलदेव ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शुरू किए गए जागरूकता अभियान का समापन 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत करसोग से एसडीएम कार्यालय तक जागरूकता रैली निकालकर किया जाएगा।

### व्यापार मंडल के चुनावों को लेकर सामने आई गुटबाजी



**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी।** बालीचौकी में व्यापार मंडल के पुनर्गठन को लेकर गुटबाजी सामने आई है। व्यापार मंडल में शामिल कुछ लोगों ने जहां वर्तमान कार्यकारिणी को निष्क्रिय बताते हुए नए चुनावों की मांग की है, वहीं वर्तमान अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने कहा है कि कुछ राजनीतिक लोग बालीचौकी व्यापार मंडल को तोड़ने का षड्यंत्र कर रहे हैं, जिसके चलते इन लोगों ने बालीचौकी व्यापार मंडल के चुनाव करवाने को लेकर एसडीएम बालीचौकी को एक पत्र लिखा है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने बताया कि उक्त पत्र में जो आरोप लगाए गए हैं वे न केवल झूठे हैं बल्कि भ्रामक भी हैं। व्यापार मंडल पूरी तरह से सक्रिय है और तमाम तरह की सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक गतिविधियों में बराबर हिस्सा लेता है। दूसरी ओर कुछ व्यापारियों ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में आरोप लगाए हैं कि व्यापार मंडल की गतिविधियां पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुकी हैं और जिस कारण व्यापार मंडल का अस्तित्व समाप्ति की ओर जा रहा है और व्यापारियों के हितों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। पत्र में व्यापार मंडल के अध्यक्ष से एक सप्ताह के भीतर नए चुनाव करवाए जाने का आग्रह किया गया है। पत्र की प्रतिलिपि एसडीएम बालीचौकी एवं जिला श्रम अधिकारी को भी प्रेषित की गई है।

### विधायक राकेश ने बांटे जीवन सहायक उपकरण



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के उपक्रम द्वारा दिव्यांग जनों को 'दैनिक जीवन सहायक उपकरण वितरण शिविर' का आयोजन किया गया। विधायक राकेश जम्वाल ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 200 लाभार्थियों को 13.50 लाख रुपए के दैनिक जीवन सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनका उद्देश्य वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम और स्वतंत्र बनाना है। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा नगर परिषद चेयरमैन, सीआरसी प्रभारी डॉ. राकेश कुमार अवस्थी, शुभम मिश्रा, संदीप त्रिवेदी सीआरसी सुंदरनगर से पुनर्वास अधिकारी डॉ. प्रियदर्शी मिश्रा, जितेंद्र कुमार (पी एण्ड ओ) प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र से शिवानी शर्मा, के साथ अन्य अधिकारियों व पार्षद कार्यक्रम में भाग लिया।

### एनसीसी कैडेट्स ने दिया स्वच्छता का संदेश



**अनंत ज्ञान, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य पर मंडी चौहटा बाजार तथा सेरी मंच पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी ने भी प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया के दिशा निर्देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया है। एनसीसी एयर विंग के केयर टेकर मैडम सुमन पंडित ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के ही अंतर्गत 1 एचपी एयर एसक्यूएन एनसीसी कुल्लू के द्वारा निर्देशित गतिविधियों में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता लक्षित इकाई के तहत कैडेट्स द्वारा चौहटा बाजार तथा सेरी मंच पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। विधायक मंडी अनिल सहित नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट भी मौजूद रहे।

### शास्त्री के भरे जाएंगे 44 पद, 15 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उप-निदेशक, प्राथमिक शिक्षा विभाग मंडी द्वारा प्राथमिक शिक्षा के लिए शास्त्री के 44 पदों को बैचवाइज आधार पर भरे जाएंगे यह जानकारी रोजगार कार्यालय सरकाघाट के प्रभारी सुमित शर्मा ने बताया कि ये पद वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन श्रेणी के तहत भरे जाएंगे, जिसमें सामान्य श्रेणी के 26, अनुसूचित जाति के 8, अनुसूचित जनजाति के 4, और अन्य पिछड़ी जाति के 6 पद शामिल हैं।इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 अंकों के साथ शास्त्री, संस्कृत विषय के साथ स्नातक या एमए संस्कृत के साथ शास्त्री टैट पास होना अनिवार्य है। आवेदकों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन श्रेणी के इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे अपना नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन माध्यम से 15 अक्तूबर 2024 से पहले पंजीकृत करवा लें।

### परियोजना स्टाफ को रक्तदान करने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर बीएसएल परियोजना, बीबीएमबी, सुंदरनगर में मुख्य अभियन्ता कार्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे ई कश्मीर सिंह ठाकुर उपमुख्य अभियन्ता ने उपस्थित परियोजना स्टाफ को रक्तदान करने की शपथ दिलाई और अपील की कि जहां तक संभव हो वे रक्तदान अवश्य करें। इस अवसर पर अति अधीक्षण अभियंता एसपी शर्मा, कार्यकारी अभियन्ता-डीके वर्मा, अधीक्षक तकनीकी अजय वासन सहित परियोजना के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। ई. कश्मीर सिंह ने क्तदान करने लिए प्रेरित किया।

### सरकीधार में मांगा हेलिपैड, सड़कें सुधारने की मांग

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** ग्राम पंचायत सरकीधार (कुंतभयो) ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग कर है कि उनके पंचायत क्षेत्र में हेलीपैड का निर्माण किया जाए। पंचायत प्रधान धर्मा देवी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि प्रसिद्ध धर्म त्रिवेणी रिवालसर के नजदीक लगभग 8 किलोमीटर पर सरकीधार में 7 प्राकृतिक झीलें मौजूद हैं और साथ में प्रसिद्ध शक्तिपीठ नैणा देवी का मंदिर भी स्थित है। ऐसे में यहां धार्मिक पर्यटन स्थल के उभरने की संभावनाएं हैं। इस हेलिपैड के बनने से पर्यटन स्थल रिवालसर को भी लाभ होगा। उन्होंने इस कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत करने की मांग की है। उन्होंने रिवालसर से नैना देवी और रिवालसर से नैना देवी वाया गदवाहन दोनों सड़कों की दशा शीघ्र सुधारने की भी मांग की।

# नेपाल में मंडी कलम का कमाल

## कलमकार राजेश के तीन चित्र काठमांडू में लगी प्रदर्शनी में हुए प्रदर्शित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विदेश में भी मंडी कलम ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। बता दें कि स्वामी विवेकानंद कल्चर सेंटर भारतीय दूतावास काठमांडू नेपाल व फाइन आर्ट अकादमी नेपाल द्वारा रामायण पर आधारित चित्रों की इस प्रदर्शनी में इंडियन काउंसिल फार कल्चर रिलेशनस की ओर से भारत से 27 कलाकारों को चित्रों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें हिमाचल प्रदेश के दो ही कलाकारों मंडी से राजेश कुमार व कांगड़ा से सुशील कुमार के चित्र चयनित हुए थे। मंडी कलम के कलाकार राजेश कुमार द्वारा तैयार की गई तीन पेंटिंग इस अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के लिए चयनित हुई।

23 से 30 सितंबर तक सीता भवन काठमांडू में लगी इस प्रदर्शनी में मंडी कलम के चित्र लगने से मंडी कलम का नाम अब देश दुनिया में आने लगा है। इंडियन आर्ट सर्कल के सह संस्थापक व निदेशक गार्गी सेठ के अनुसार अब ये प्रदर्शनियां चार और देशों में लगाई जाएंगी। इसके बाद यह प्रदर्शनी दिल्ली में लगेगी।







उद्घाटन करते नेपाल के अधिकारी व प्रदर्शनी में लगे चित्र।

इस बारे में मंडी कलम के कलाकार राजेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा बनाए गए चित्र जब देश के बड़े बड़े कलाकारों के साथ विदेशों में भी प्रदर्शित होने लगे हैं।

गौरतलब है कि राजेश कुमार ने मंडी कलम को नई पहचान दी है तथा कार्यशालाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को भी प्रशिक्षित कर इस विधा के साथ जोड़ा है। मंडी कलम को प्रचारित, प्रसारित व विख्यात करने में उनका बड़ा योगदान है।

# शहर में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली रैली




शहर में जागरूकता रैली के दौरान नारे लगाती महिलाएं एवं अन्य ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत मंडी शहर में मंगलवार को शहर के नजदीकी पाठशालाओं के विद्यार्थियों, आईटीआई मंडी के के विद्यार्थियों सहित एनएसएस वालंटियर और एनसीसी और नगर निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा नगर निगम के सौजन्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

शहर में रैली के दौरान सभी विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने की यह पहल बच्चों के माध्यम से की गई जिसमें छात्रों द्वारा जोर-जोर से भारत माता की जय और स्वच्छता के प्रति नारों से शहर गुंजायमान हो गया। जागरूकता रैली के दौरान सदर विधायक अनिल शर्मा और नगर

**सदर विधायक, नगर निगम महापौर और पार्षद ने भी की रैली में शिरकत**

निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा और स्थानीय पार्षदों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और विधायक द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान रैली में विधायक अनिल शर्मा भी मौजूद रहे।

विधायक अनिल शर्मा ने कहा की नगर निगम के द्वारा इस आयोजन के लिए उन्हें बधाई देते है और स्वच्छता का कार्य सिर्फ नगर निगम का नहीं है स्वच्छता हर युवा और हर व्यक्ति का दायित्व है कि अपने शहर और अपने घर के आस पास सभी जगह को स्वच्छ रखना है।

### शारदीय नवरात्र के चलते तैयारियां की पूर्ण

**जोगिंद्रनगर।** शारदीय नवरात्र के चलते शारदा माता मंदिर कमेटी सिमस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। संतान दात्री मां सिमसा के पवित्र धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 3 अक्तूबर को होने जा रहा है। सिमसा माता मंदिर कमेटी सचिव ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व 3 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक रहेगा जिससे की निसंतान महिलाएं संतान प्राप्ति हेतु स्वपन ले सकेंगी।

### वांगचुक की साथियों सहित गिरफ्तारी निंदनीय

**मंडी।** लद्दाख व पर्यावरण मुद्दों को लेकर एक माह में लगभग 1000 किलोमीटर की पदयात्रा कर लद्दाख से दिल्ली पहुंचे सोनम वांगचुक को सदस्यों सहित दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाना केन्द्र सरकार की तानाशाही है। यह बात हिमालय नीति अभियान समिति के संयोजक गुमान सिंह और सर्वजन संरक्षण समिति हिमाचल प्रदेश के राज्य सलाहकार ने कही। केंद्र सरकार शांति पूर्ण आंदोलनों को दबाने का काम कर रही है।

### साईं मार्केट में कल से गूंजेंगे मां के जयकारे

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर साईं मार्केट में नवरात्रि के उपलक्ष्य में मां दुर्गा पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन मां दुर्गा आयोजन समिति द्वारा 3 से 11 अक्तूबर तक किया जा रहा है।

प्रधान मोहित गुरूंग व प्रैस सचिव अमिता बंटा ने बताया कि 3 अक्तूबर को माता महिषासुर मर्दिनी एवं अन्य देवी-देवता गण स्मार्ट मार्ट के सामने सज रहे पंडाल में प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विराजमान होंगे। 3 से 10 अक्तूबर तक प्रातः 7 से 10 बजे तक हर रोज पूजा कार्यक्रम एवं आरती तथा 7 से 10 बजे हर रोज शाम को आरती व भजन संध्याएं होंगी।

# रिवालसर में निकाली स्वच्छता रैली



स्वच्छता कार्यक्रम के बाद शिक्षक व विद्यार्थी ।

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

गवर्नमेंट कॉलेज की एनएसएस इकाई और रोवर रेंजर इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा है' कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय स्वच्छता शिविर आयोजित किया।

शिविर में संयोजक प्रो. रमणीक शर्मा और रोवर रेंजर इकाई के रेंजर लीडर अंजली परमार व रोवर स्काउट लीडर कुलदीप कुमार के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इस स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय से बाजार तक स्वच्छता रैली निकाली। रिवालसर झील के आस-पास पड़े लगभग 10 किलो प्लास्टिक को एकत्रित कर डंपिंग साईट तक पहुंचाया। प्राचार्य डॉ केसी कश्यप ने दोनों इकाई के स्वयंसेवियों के इस कार्य के लिए खूब सराहना की।

# भाषण प्रतियोगिता में अनीशा प्रथम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय मंडी द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 प्रतिभागियों ने स्वच्छता पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में अनीशा ने प्रथम, भानुप्रिया ने दूसरा और नैंसी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल डॉ रविन्द्र कुमार ने सभी विजेताओं




कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

को सम्मानित किया। डॉ. बनीता सकलानी प्रवक्ता महाविद्यालय ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ भारत का सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था।

डॉ. बनीता ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने की सलाह दी। इस दौरान विशेष तौर पर उपस्थित नरेश चौहान सहायक अभियन्ता नगर निगम ने सुखे और गीले कचरे को छांटकर कूड़ेदान डालने के आग्रह किया। डॉ. मोनिका ने भी स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी।

### चिकन कॉर्नर की आड़ में अवैध शराब माफिया की धड़ल्ले से चल रही दुकान

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

धनोटू थाना के अंतर्गत महज चार सौ मीटर की दूरी पर धनोटू बग्गी मार्ग पर एक चिकन कॉर्नर की आड़ में अवैध शराब कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। चिकन कॉर्नर पर शाम होते ही शराबियों का तांता लगा रहता है। ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत आने वाले इस कार्यक्षेत्र के बारे में जब पंचायत प्रधान नील कमल ने कहा कि इस दुकान के संचालक को इसका कोई भी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। दुकान के साथ ही एक बीमार परिवार रहता है, आए दिन शराबियों का जमावड़ा दारू पीकर सारी सारी रात गंदी गालियां, लड़ाई



सड़क किनारे फेंकी शराब की बोतलें।

झगड़ा कर इस परिवार को डर के साए में जीने के लिए मजबूर करा रहा है।

इस परिवार के रजत शर्मा ने बताया कि पहले भी उक्त हरकतों के बारे में थाना में शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। इनके परिवार ने पुलिस, पंचायत और साथ ही साथ प्रशासन से भी गुहार लगाई है कि दुकान को बंद किया जाए।

# स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



शपथ ग्रहण करते हुए एनएसएस के वालंटियर एवं पीओ।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता शपथ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई।

प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है और हमें इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने स्वयं विद्यार्थियों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और महाविद्यालय स्टाफ ने भाग लिया और स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी का संकल्प लिया।

### केंद्र की गलत नीतियों से पिछड़ा जम्मू-कश्मीर: गोयल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

आखिल भारतीय मीडिया कमेटी कॉर्डिनेटर एवं हिमाचल कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल ने जम्मू के जननीपुर, गांधीनगर, रिहाडी, तलब टिल्लो, बिशना नगरोटा, कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। इस मौके पर गोयल ने कहा कि भाजपा राज में जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी दर 16.1 प्रतिशत पहुंच गई है।

केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते जम्मू-कश्मीर विकास के मामले में पिछड़ गया है। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया कोऑर्डिनेटर और हिमाचल कांग्रेस के प्रवक्ता अनिल गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले 5



पोस्टर लगाते हुए अनिल गोयल।

सालों में 1.5 लाख लोग जम्मू-कश्मीर से बाहर चले गए। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रशासन पर लगाम न होने के कारण अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है।

कश्मीरी पंडितों की हित की बात करने वाली भाजपा ने उनके लिए कुछ नहीं किया। वे अभी टेंटों में रहने के लिए मजबूर हैं।

# वरिष्ठ नागरिक किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी**



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद मंडी द्वारा माण्डव चैरिटेबल ट्रस्ट मंडी के भवन में किया गया था। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए अमूल्य धरोहर हैं। इस धरोहर को सही सम्मान देना हम सब का नैतिक दायित्व है। बुजुर्गों के पास अनुभव का खजाना होता है। उनके अनुभव से समाज को सही दिशा मिलती है। जिला कल्याण अधिकारी समीर, विशिष्ठ अतिथि अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा, परिषद के प्रदेशाध्यक्ष अशोक अवस्थी, जिला अध्यक्ष आरएस राणा, महासचिव एमएस चंदेल ने भी अपने विचार रखे।

# योगासना प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाए जौहर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

तक्षशिला स्कूल में जिला स्तरीय योगासना प्रतियोगिता में आए प्रतिभागियों ने प्रतिभा के जमकर जौहर दिखाए। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला योगसना खेल संघ के अध्यक्ष राजा सिंह मल्होत्रा और महासचिव डॉ. विवेक सूद ने किया।



सम्मानित करते हुए गणमान्य।

प्रतियोगिता का समापन पीर सहाय ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने अपनी तरफ से खिलाड़ियों को 11 हजार की राशि भी प्रदान की। वहीं, तक्षशिला इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की तरफ से भी बेहतरीन आयोजन में अपना पूरा सहयोग दिया गया।

10 से 14 आयु वर्ग कन्या ट्रेडिशनल योगासन में शार्यल ने पहला, जीविका शर्मा ने दूसरा, मनन शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी श्रेणी के तहत बाल वर्ग में दिव्यांश पहले, अतुल दूसरे और लक्ष्य तीसरे स्थान पर रहे।

14 से 18 कन्या वर्ग में अनुपमा पहले, दक्षिणी दूसरे, गायत्री तीसरे, बाल वर्ग में आदित्य पहले, अर्जुन दूसरे, राघव सिंह चंदेल तीसरे स्थान पर रहे।

18 से 28 महिला वर्ग में प्रतिक्षा चौहान पहले स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में वासुदेव महतो पहले स्थान पर रहे।

इस मौके पर जिला योगासना संघ के अध्यक्ष राजा सिंह मल्होत्रा, महासचिव डॉ. विवेक सूद, उपाध्यक्ष अमित भाटिया, कोषाध्यक्ष नेक राम वालिया आदित मौजूद रहे।

### पीलिया से हुई थी सैनिक विनय की मौत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सैनिक विनय की पार्थिव देह सोमवार रात जोगिंद्रनगर पहुंची और मंगलवार सुबह अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि जोगिंद्रनगर के पोहल गांव के 25 वर्षीय भारतीय सेना के जवान विनय की पीलिया के चलते मौत हो गई है। वहीं सोमवार सुबह से ही सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। अधिकतर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कठुआ मुठभेड़ में घायल होने के उपरांत जालंधर में इलाज चल रहा था उस दौरान मौत हो गई, लेकिन सैनिक विनय की मौत पीलिया से हुई थी और जालंधर कैंट में इलाज चला था।

**अभियान** | डीसी ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत किट बांटी, स्वच्छता कर्मियों से किया संवाद

# स्वच्छता को आदत के रूप में अपनाएं, करें श्रमदान : डीसी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत मंगलवार सुबह उपायुक्त कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस अभियान का नेतृत्व किया और सफाई कार्य में श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता को लेकर हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाने की



उपायुक्त अपूर्व देवगन स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत श्रमदान करते हुए।

आवश्यकता है। महात्मा गांधी का स्वच्छता को लेकर विशेष आग्रह रहा है और उन्होंने एक स्वच्छ व आत्मनिर्भर देश की संकल्पना की थी। ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी स्वच्छता के लिए पहले स्वयं को बदलना होगा। अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना होगा, जिसके लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने सभी लोगों को पहले स्वयं से, फिर परिवार, मोहल्ले से लेकर गांव व कार्यस्थल पर स्वच्छता को एक आदत के रूप में अपनाने की शपथ दिलाई।

अपूर्व देवगन ने कहा कि दुनिया के स्वच्छतम देशों में एक विशेषता समान रहती है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इसी विचार को हमें अपने आस-पास के 100 व्यक्तियों तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोग हर वर्ष स्वच्छता के लिए 100 घंटे यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान अवश्य करें।

उपायुक्त ने डीआरडीए सभागार में स्वच्छता मित्रों से संवाद किया तथा उन्हें स्वच्छता किट भी भेंट की। इस अवसर पर जोनल अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

### नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने तहसीलदार को दिया समर्थन पत्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने मंदिर के जीर्णोद्धार, संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर मंदिर अधिकारी तहसीलदार मुनीश कुमार को समर्थन पत्र जारी कर मंदिर का आय व्यय सार्वजनिक करने की मांग की है। नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ललित जंवाल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि हाल ही में आरटीआई मांगी गई थी, जिसमें मंदिर के खाते में एक करोड़ 16 लाख 94 हजार 185 रुपए जमा हो गए हैं। खाते में राशि का बढ़ना तहसीलदार मुनीश कुमार के आने के बाद ही संभव हो पाया है। उन्होंने



मंदिर अधिकारी तहसीलदार मुनीश कुमार को समर्थन पत्र सौंपते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष।

कहा कि तहसीलदार मुनीश कुमार के नेतृत्व में मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य जारी है। प्राचीन आमलकों को सहेजना, गिरते हुए दो कमरों का पुनर्निर्माण, मंदिर की सैकड़ों बीघा जमीन को पूरा करना अभी शेष है। अगले कुछ समय में कार्य नहीं हुआ तो समिति तीन जिलों में पुनः असहयोग आंदोलन आरंभ करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रेट हिमालयन पार्क में होगा वन्य प्राणी सप्ताह



**तीर्थन।** जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन और सैंज घाटी में स्थित ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क को वर्ष 2014 में विश्व धरोहर का दर्जा मिला है। क्षेत्र के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पार्क प्रबंधन द्वारा हर वर्ष 2 अक्तू बर के दिन को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस बार भी पार्क प्रबंधन द्वारा शाईरोपा में वन्य प्राणी सप्ताह और महिला मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सैंज परिक्षेत्र रोपा में भी 5 अक्तू बर को महिला मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क तीर्थन रेंज के वन परिक्षेत्र अधिकारी परमानंद ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी शाईरोपा के नेचर लर्निंग सेंटर में वन्य प्राणी सप्ताह और महिला मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान यहां की स्थानीय महिलाओं के लिए कुल्लवी नाटी प्रतिस्पर्धा के आलावा, स्कूली बच्चों की प्रश्नोत्तरी, समूहगान, कुर्सी दौड़ और मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीर्थन रेंज की सभी आठ पंचायतों पेखड़ी, नोहंडा, तुंग, मशियार, शिल्ली, कंडीधार, कलवारी और श्रीकोट के प्रधानों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रण पत्र भेज दिए गए हैं। इस बार तीर्थन घाटी की दूरदराज पंचायत श्रीकोट का महिला मंडल भी पहली बार इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाला है। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का आगाज 2 को तीर्थन रेंज शाईरोपा से पार्क निदेशक संदीप शर्मा करेंगे। महिला मेले के दौरान करवाई जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाई रोपा के नेचर लर्निंग सेंटर में सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**कुल्लू।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के उपलक्ष्य में एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सहयोग से एनएचपीसी चिकित्सालय, नगवाई कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। परियोजना के डॉ. ज्योतिर्मय जैन, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) और अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) ने शिविर का उद्घाटन करते हुए बताया कि इस दिवस का उद्देश्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में शिक्षित करना तथा अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना है। रक्तदान शिविर में पार्बती परियोजना के कर्मियों और संविदा कर्मियों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान में 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### परीक्षा पास करने पर कलर बैल्ट से नवाजे खिलाड़ी



**कुल्लू।** अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा एलएमएस कलैहली में गोजू रियू कराते डू सौफ इंडिया की कलर बैल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें 58 खिलाड़ियों ने भाग लिया। संस्था के प्रधान रणवीर ठाकुर के अनुसार विराटनगर अथर्व भटनागर, पार्थ, अयान वत्सल, अर्णव, कमलेश आनद, मौरज, अथर्व, अगस्त्य, सुखविंद्र, अभिराज, नव्या आदि ब्लू बैल्ट से सम्मानित किया। रोनित को पर्पल बेल्ट से सम्मानित किया और मंनत, सोहेल, जैस्मिन को ब्राउन बैल्ट से सम्मानित किया।

### मंडियों में सेब के मिल रहे औने-पौने दाम : दानवेंद्र

**कुल्लू।** प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी दनवेंड दानवेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बागवानों को अपने सेब की कीमतें खुद तय करने का अधिकार देने का वादा किया था, लेकिन बागवानों को मंडियों में सेब के दाम औने-पौने मिल रहे हैं। बाजार में आढ़तियों की ओर से तय किए गए दामों पर सेब बेचना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे जिले के हजारों बागवानों की आजीविका पर असर पड़ रहा है। इससे बागवानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इस साल हिमाचल में बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सेब की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। आवश्यक चिलिंग आवर्स की कमी के कारण फसल का उत्पादन कम हो रहा है। मौसम के कारण सेब की गुणवत्ता भी खराब हुई है। करीब 65 फीसदी सेब डी-ग्रेड का है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन और मौसम की अनिश्चितताओं ने भी स्थिति को और जटिल बना दिया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिशन 5 तक

**कुल्लू।** कुल्लू दशहरा-2024 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रेष्ठ कलाकारों के चयन के लिए स्वर परीक्षा ली जा रही है। जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर ने कहा कि 30 से 2 तक कुल्लू 3 और 4 को अन्य जिलों के कलाकारों के लिए तथा 5 को किसी वजह से न पहुंच पाने वाले कलाकारों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात श्रेष्ठ कलाकारों की सूची तैयार की जाएगी, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के उपलक्ष में लालचंद प्रार्थी कला केंद्र तथा देवसदन मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर दिया जाएगा। सुनीला ने जानकारी दी कि सितंबर को मुख्य संसदीय सचिव एवं अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति की अध्यक्षता में हुई बैठक अनुसार दशहरा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिशन के माध्यम से कलाकारों का चयन किया जा रहा है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया पौधरोपण



**केलांग।** केंद्रीय विद्यालय केलांग में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य युद्धवीर सिंह, शिक्षकगण, छात्र और केलांग के वन विभाग से फॉरेस्ट गार्ड सुरेश कौशल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए गए देवदार के पौधे विद्यालय परिसर में रोपित किए गए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

### लोकनृत्य में लोसर की छात्राओं ने मारी बाजी



**केलांग।** लाहौल-स्पीति के शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट तांदी में 7वें जिला स्तरीय कला उत्सव व रंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लाहौल-स्पीति के कुल 26 स्कूलों के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। लोक नृत्य में लोसर स्कूल की छात्राओं में मारी बाजी। जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी ने मुख्यातिथि, जबकि पंचायत समिति सदस्य भावना विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। बीना ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों में प्रतियोगिता की भावना का विकास होता है और साथ में उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर भी प्राप्त होता है।

# बैडमिंटन में तेजल राजपूत और राजवीर सिंह बने हिमाचल चैंपियन

## तीन दिवसीय अंडर-11 और अंडर-13 राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय में स्थित बैडमिंटन कोर्ट में तीन दिवसीय योनेक्स सनराइज एचपी राज्य स्तरीय मिनी अंडर-11 ओर सब जूनियर अंडर-13 चैंपियनशिप का विधिवत समापन हो गया। राज्य स्तरीय अंडर-11 और अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता में लड़कों और कन्या दोनों ही वर्ग की प्रतियोगिताएं करवाई गईं।


इस प्रतियोगिता में सिंगल और डबल दोनों ही तरह की प्रतियोगिता करवाई गईं। पूरे प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और दमखम के साथ अपना खेल दिखाया। हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की मेजबानी कुल्लू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा की गई। समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि फल उत्पादक मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित हिमाचल बैडमिंटन एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यातिथि के कर कमलों से प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी भेंट कर हौंसला अफजाई की। इस दौरान मुख्यातिथि महेंद्र उपाध्याय ने आयोजनकर्ताओं सहित सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बैडमिंटन प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भेंट की और साथ ही निकट भविष्य में भी ऐसी ही प्रतियोगिताओं को करवाने के बारे में आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं को जीवन में अपनाने से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मन भी स्वस्थ रहता है। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-13 डबल कन्या वर्ग में प्रथम दीपावली/तेजल राजपूत कुल्लू, द्वितीय गुरबाणी/निहारिका चौधरी ऊना, तृतीय प्रिया शर्मा/राबिया धीमान कांगड़ा और अर्शमीत/निवृत्ति सिरमौर। अंडर-13 डबल लड़कों के वर्ग में प्रथम राजवीर सिंह राणा/तन्मय आर्य कांगड़ा, द्वितीय आर्यावर्त चंद्रभान/देवांश शिमला, तृतीय देवांश/ शुभ कुल्लू और हर्षल सिंह पठानिया/ हर्षवर्धन ठाकुर कांगड़ा। अंडर-13 सिंगल कन्या वर्ग में प्रथम तेजल राजपूत, द्वितीय निहारिका चौधरी पुणे, तीसरे गुरबाणी ऊना और वैष्णवी सिंह पठानिया कांगड़ा।

अंडर-13 सिंगल लड़कों के वर्ग में प्रथम राजवीर सिंह राणा कांगड़ा, द्वितीय तक्ष महाजन कांगड़ा, तृतीय तन्मय आर्य कांगड़ा और अंशुल हमीरपुर। अंडर-11 डबल कन्या वर्ग में प्रथम आराध्या चौधरी कांगड़ा/निहारिका चौधरी ऊना, द्वितीय जीवा जोगटा/ओजस्विनी बांडटा शिमला, तृतीय दीपावली/ईषना कुल्लू और अंनिका/शुभांगी कुल्लू। अंडर-11 डबल लड़कों के वर्ग में अथर्व/ सानिध्य कपूर हमीरपुर, आरिव महाजन/ दर्श चौरसिया कांगड़ा, तृतीय अथर्व/ ताबिश और अर्श ठाकुर/विहान कुल्लू आदि रहे। (अनंत ज्ञान)



राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता पर सम्मानित करते हुए।

## ब्यासा मोड़ में स्थित तीन मंजिला मकान में लगी आग, 50 हजार का नुकसान



ब्यासा मोड़ में एक मकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल कर्मी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय के समीप ब्यासा मोड़ में हुई आगजनी की घटना में एक मकान में आग लगने का मामला सामने आया है।

मंगलवार को ब्यासा मोड़ कुल्लू स्थित तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर में स्थित एक स्टोर के साथ लगते किचन में आग लग गई, जिस कारण करीब 50 हजार की संपत्ति को आगजनी की घटना में नुकसान पहुंचा। जानकारी के अनुसार मकान शांगरी बाग निवासी संजय ग्रोवर पुत्र किशल लाल का बताया जा रहा है। दिन के करीब 12:50 पर जब दमकल विभाग को ब्यासा मोड़ में हुई आगजनी की घटना की सूचना प्राप्त हुई, तो दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए घटना स्थल का रुख किया और फौरन आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। इस आगजनी की घटना में किसी को भी कोई जानी नुकसान नही पहुंचा है। इस दौरान दमकल कर्मियों की मुस्तेदी से की गई कार्रवाई के कारण करीब 1 करोड़ की संपति को आग की भेंट चढ़ने से बचा लिया है। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीओ प्रेम सिंह ने बताया कि जैसे ही दमकल कर्मियों को ब्यासा मोड़ में आग लगने की घटना प्राप्त हुई, तो विभाग के कर्मचारियों ने फौरन दमकल दस्ते को घटनास्थल के लिए रवाना किया और समय रहते आग पर काबू पा लिया। उन्होंने आग लगने का कारण अज्ञात बताया।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की शीतल के सिर सजा मिस फेयरवेल का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू के ग्रेजुएट्स के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक सुखदेव मसीह इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इसके अलावा क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान की सभी टीचर्स एसोसिएट डायरेक्टर ज्योति मार्या मसीह ने ज्योति प्रज्वलित की।

संस्थान के प्रबंध निदेशक द्वारा विद्यार्थियों को कंवोकेशन ड्रेस में डिग्री देकर सम्मानित किया और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए डिग्री दी। साथ ही साथ सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद करने उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के उद्देश्य से करवाई गई है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज के बीएससी तृतीय वर्ष और जीएनएम सेकेंड ईयर कक्षा के विद्यार्थियों ने बीएससी चतुर्थ वर्ष और जीएनएम तृतीय वर्ष कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। पार्टी की थीम बॉलीवुड थी, जिसमें छात्राओं ने तरह-तरह के बॉलीवुड की झलकियां दिखाईं और बॉलीवुड डांस, स्ट्रीट डांस, पंजाबी डांस, कथक, हरियाणवी डांस, टिब्टियां डांस कर खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद मिस फेयरवेल शीतल, फर्स्ट रनरअप ईशा ठाकुर, सेकेंड रनरअप श्वेता, मिस पर्सनैलिटी साक्षी, मिस अटायर स्नेहा को खिताब के लिए चुना गया।

## उन्नत ग्राम अभियान का कार्यक्रम स्थगित

**केलांग।** केलांग में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का



शुभारंभ कार्यक्रम स्थगित हो गया है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के केलांग मुख्यालय में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के शुभारंभ को लेकर परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग लाहौल-स्पीति मनोज ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभागीय आगामी आदेश के बाद तिथि निर्धारित की जाएगी।

## सोनम की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण : बीएस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सेब लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष बीएस राणा व अन्य।

सेब लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष बीएस राणा ने कहा कि पर्यावरण की चिंता मात्र सोनम वांगचुक की नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक चिंता है, इसलिए वह नेक उद्देश्य के साथ अपनी मुहीम के साथ केंद्र सरकार के समक्ष महत्वपूर्ण मुद्दों को रखना चाह रहे हैं। अचानक उनकी गिरफ्तारी से यह स्पष्ट है कि सरकार पर्यावरण व संबद्ध विषयों को लेकर गंभीर नहीं है। बीएस राणा ने हिमालयन क्लाइमेट वॉरियर्सज तथा सेब लाहौल-स्पीति संगठन हिमाचल प्रदेश की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद, सामाजिक कार्यकर्ता जो लगभग 150 से ज्यादा लद्दाख के निवासियों के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा, लद्दाख को छठे शेड्यूल की मांग को लागू करवाने के लिए शांतिपूर्ण आप यात्रा करते हुए दो मार्च को दिल्ली राजघाट पर पहुंचने वाले थे, उन्हें साथियों सहित सिंघु बॉर्डर पर दिल्ली व हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, हिमालयन क्लाइमेट वॉरियर्स के अध्यक्ष महीमन चंद्र ने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने विश्व को अहिंसा का रास्ता दिखाकर शांति का पाठ सिखाया। उसी तरह सोनम वांगचुक भी शांतिपूर्ण तरीके से गांधी जयंति के सुभ-अवसर पर सरकार के समक्ष लद्दाख तथा हिमालय की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखना चाह रहे थे, लेकिन हरियणा में अचानक उनकी गिरफ्तारी का संपूर्ण बुद्धिजीवी वर्ग निंदा करता है। उन्होंने संस्था की ओर से सरकार से निवेदन किया कि सोनम वांगचुक के सभी मसलों को लेकर सार्थक बातचीत की जाए। महिम्न चंदर ने कहा कि सोनम वांगचुक और अन्य पदयात्रियों की गिरफ्तारी अवैध और असंवैधानिक है, जो उनके अधिकारों के आर्टिकल-19 के स्पष्ट उल्लंघन के रूप में देखा जा रहा है।

सेब लाहौल-स्पीति सोसायटी के सचिव व हिमाचल के वरिष्ठ हिंदी कवि अजेय ने कहा कि सोनम वांगचुक न केवल लद्दाख, बल्कि संपूर्ण हिमालय की जलवायु की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं, जो प्रकारांतर से पूरे देश के ईको सिस्टम को बचाने की लड़ाई है।

## नदी और जलस्रोतों के नजदीक कूड़ा न फेंकें, लगेगा जुर्माना : देवेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सरकार व उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सुलेमान बनाम भारत संघ व अन्य के संबंध में ठोस कचरा प्रबंधन पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश से अधिवक्ता देवेन खन्ना विशेष रूप से उपस्थित हुए और जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी की सचिव आभा चौहान उपस्थित रहे। एडीएम ने उपस्थित प्रतिभागियों से स्वच्छता को आत्मसात करते हुए इस पर गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया, ताकि एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

साथ ही उन्होंने पंचायतों में कचरा निष्पादन के लिए अपनी व्यवस्था बनाने के लिए शीघ्र कदम उठाने को कहा, ताकि कहीं भी कचरे के ढेर न दिखे। अधिवक्ता देवेन खन्ना ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य मकसद कूड़े-कचरे के उचित निष्पादन के लिए व्यवस्था तैयार करना और कचरे का सही तरीके से निपटान करने के लिए सभी को जानकारी प्रदान करना और इसकी जागरूकता को फैलाना है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कुल्लू शाखा के सहायक अभियंता सुनील शर्मा ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2018 की विस्तार से जानकारी देते हुए कचरा उत्पन कर्ता और पंचायतों की जिम्मेवारियों पर प्रेजेंटेशन दी। गोविंद बलभ पंत हिमालयन पर्यावरण संसथान के वैज्ञानिक एवं केंद्र प्रमुख आरके सिंह ने कूड़े-कचरे की उचित निपटान न होने से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर हो रहे नुकसान पर जानकारी दी।

## बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गई

**मनाली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत आदर्श शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति कुल्लू द्वारा संचालित सहारा वृद्ध आश्रम कलाथ मनाली में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्यतिथि महोदय तहसील कल्याण अधिकारी राजीव रहे। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष पर मनु हेल्थ केयर सेंटर नगर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर आदर्श विशेष महिला पुनर्वास केंद्र की विशेष महिलाओं की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संस्था की अध्यक्षा अनीता ने सभी बुजुर्गों को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं दीं और मुख्यतिथि महोदय का धन्यवाद किया।

## राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में छाए डीएवी मनाली के खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



डीएवी राष्ट्रीय खेलों का राज्यस्तर पर आयोजन 21 से 30 तक विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किया गया। इनमें से बाक्सिंग तथा कराटे खेलों की प्रतियोगिता डीएवी शिमला लक्कड़ बाजार में आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में डीएवी मनाली के 23 स्टूडेंट्स ने कराटे प्रतियोगिता में भाग लिया। 11 छात्रों ने स्वर्ण पदक, 7 छात्रों ने रजत, चार छात्रों ने कांस्य तथा बॉक्सिंग में जतिन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तरीय खेल में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर हासिल किया। टेबल टेनिस में एक छात्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया, वॉलीबाल में डीएवी मनाली की अंडर-17 तथा अंडर-19 की दोनों टीमों ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तरीय खेलों का नेतृत्व करने के लिए चयनित हुईं। बास्केटबॉल में डीएवी मनाली के छात्रों ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मनाली के 30 बच्चे राष्ट्रीय स्तरीय खेलों में विभिन्न स्थानों पर हिमाचल का नेतृत्व करेंगे।

## कागजों में बड़ी-बड़ी योजनाएं, सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशु

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



जिला कुल्लू की उझी घाटी में शहर से लेकर गांव तक बेसहारा पशुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रायसन से पतलीकूहल की सड़कों पर गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है।

इस समस्या का समाधान निकालने में सरकार, पशुपालन विभाग और प्रशासन नाकाम रहे हैं। लावारिस पशुओं के लिए बनाई गई योजनाएं कागजों से बाहर नहीं निकल सकी हैं। जिले में ऐसे पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार और प्रशासन की ओर से लावारिस पशुओं की देखभाल संबंधी दावे तो हजार किए जाते हैं, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां करती है। ऊपरी इलाकों में टैग लगे हुए पशु सड़कों और बाजारों में साफ घूमते देखे जा सकते हैं। हालांकि, पशुपालन विभाग ने पालतू पशुओं की टैगिंग की है। विभाग के पास पशुओं की संख्या और पशुपालकों की पूरी जानकारी है, लेकिन शहर से गांव तक सैकड़ों बेसहारा पशु सड़क पर हैं। इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सड़क पर इन पशुओं का डेरा होने से चालकों को खास कर रात को बहुत परेशानी होती है। साथ ही कई मर्तबा ये लावारिस पशु वाहन की चपेट में भी आ जाते हैं। दुर्घटना में पशु के साथ चालक व वाहन भी चोटिल हो जाते हैं। यह पशु आपस में लड़ते-लड़ते राहगीरों पर भी कई बार हमला कर देते हैं। छाटनसेरी, रायसन, डोहलुलाला, डोभी, दबाड़ा, कटराईं, पतलीकूहल, 15 मील से कलाथ तक के साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इन पशुओं से परेशान हैं। कई बार दुकानदार और ग्रामीण प्रशासन और विभाग से बेसहारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं।

रायसन गौ सदन के प्रधान प्रकाश ने बताया कि सरकार द्वारा अब सहायता न मिलने के कारण इन गो वंशों को गो सदन में रखना मुश्किल है। रायसन गोसदन में 100 गाय की क्षमता है, लेकिन यहां 200 गाय भर जाती हैं। लोगों का मानना है कि जल्द सरकार और जिला प्रशासन और अन्य विभागों के साथ मिलकर समस्या का हल निकालने का प्रयास किया जाए। (अनंत ज्ञान)





**अपग्रेडेशन** डेढ़ साल में खतरनाक सड़क होगी चौड़ी, लगेंगे क्रैश बैरियर, डाले जाएंगे कलवर्ट, होगी टारिंग, 40 मीटर विभिन्न भागों में लगेंगे डंगे

# 13 करोड़ 59 लाख से सुधरेगी जाजर से दलाश तक 16 किलोमीटर सड़क

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

क्षेत्र की सबसे पुरानी और सबसे खतरनाक सड़कों में शुमार लुहरी-दलाश-चवाई-जाओं सड़क मार्ग की जाजर से दलाश तक जल्द हालत सुधर जाएगी।

पीडब्ल्यूडी के निरमंड डिवीजन के दलाश सबडिवीजन के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आने वाली इस सड़क के दूसरे फेज के अपग्रेडेशन कार्य में जाजर से दलाश तक 16 किलोमीटर 200 मीटर सड़क मार्ग के 13 करोड़ 58 लाख 59 हजार रुपए की लागत से कार्याकल्प का इन दिनों काम जोरों पर है। यह काम पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उत्तराखंड की कंस्ट्रक्शन गैलरी कंपनी द्वारा करवाया जा रहा है। यह काम डेढ़ साल में पूरा करने की समयावधि तय की गई है। (अनंत ज्ञान)



### मलबा सड़क किनारे डंप किए जाने से परेशानी

**वहीं,** इस सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन कार्य से जहां लोगों में खुशी की लहर है, वहीं इस सड़क की कटिंग से निकल रहे मलबे को डंपिंग साइट चिन्हित किए जाने के बावजूद जाजर के आसपास दो-तीन जगहों पर सड़क के किनारे पासिंग प्वॉइंट्स में फेंके जाने से वाहन चालकों में रोष पन रहा है। लोगों का कहना है कि पासिंग प्वॉइंट्स पर मलबा गिराये जाने से अब वाहन चालकों को सामने से गाड़ी आने और इस खतरनाक सड़क पर पीछे होने और पास देने में परेशानी हो रही है।

> जाजर से दलाश तक सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन का कार्य प्रगति पर है, जो 13 करोड़ 58 लाख रुपए से किया जा रहा है। मेरे संज्ञान में मलबा डंप करने की शिकायत आई है, कंस्ट्रक्शन कंपनी को हिदायत दे दी जाएगी कि जहां डंपिंग साइट चिन्हित हैं, वहीं मलबा डंप करें।
>
> **मनोज कुमार, एक्सइएन, पीडब्ल्यूडी, निरमंड।**

### डलेंगे कलवर्ट और स्लैब कलवर्ट

**पीडब्ल्यूडी** के निरमंड मंडल के एक्सइएन मनोज कुमार ने बताया कि डीपीआर के अनुसार जाजर से दलाश के बीच 16 किलोमीटर 200 मीटर के भाग को सुधारा जाना है, अब इस सड़क की चौड़ाई 5 मीटर से बढ़ाकर 7 मीटर की जानी है, जबकि टारिंग भी 3.05 मीटर से बढ़ाकर 3.75 मीटर की जाएगी। डीपीआर के तहत सड़क की मौजूदा टारिंग को उखाड़कर सड़क पर ग्रेड 1 और ग्रेड-2 की लेयर बिछाई जाएगी, जिसके बाद उस पर टारिंग की जानी है। विभिन्न ब्लैक प्वॉइंट्स को चिन्हित कर करीब पौने पांच किलोमीटर क्रैश बैरियर लगाए जाने हैं। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर करीब 112 मीटर की सुरक्षा दीवारें और करीब 40 मीटर विभिन्न भागों में डंगे लगने हैं। 23 कलवर्ट और 3 स्लैब कलवर्ट डाले जाने हैं, जहां सड़क बेहद तंग हैं, उसे चौड़ा किया जाना है और पक्की नालियां बनाई जाएंगी। इसके बाद 5 साल तक मेंटेनेंस पीरियड के बाद इसमें फिर से रिन्यूअल टारिंग की परत बिछाई जाएगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### हम 100 रन पर आउट होने के लिए भी तैयार थे : रोहित शर्मा



**कानपुर।** रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां भारत की नाटकीय जीत के बाद कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ मौसम से प्रभावित दूसरे टेस्ट मैच में परिणाम के लिए मेजबान टीम 100 रन के करीब आउट होने का जोखिम उठाने के लिए भी तैयार थी। चौथे दिन बांग्लादेश को पहली पारी में 233 रन पर आउट करने के बाद भारत ने टी-20 अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 34.4 ओवर में 9 विकेट पर 285 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित की। बांग्लादेश ने चौथे दिन अंतिम सत्र में दो विकेट गंवाए और पांचवें दिन लंच से पूर्व उसकी दूसरी पारी 146 रन पर सिमट गई। भारत ने इसके बाद दूसरे सत्र में 95 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने कहा, ''(खराब मौसम के कारण) अढ़ाई दिन गंवाने के बाद जब हम चौथे दिन मैदान पर आए तो उन्हें जल्द से जल्द आउट करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि हम बल्ले से क्या कर सकते हैं। यह एक जोखिम था, जिसे हम लेने को तैयार थे क्योंकि जब आप इस तरह से बल्लेबाजी करने की कोशिश करते हैं तो आप कम स्कोर पर आउट हो सकते हैं, लेकिन हम इसके लिए तैयार थे, भले ही हम 100-120 रन पर आउट हो जाएं।'' यह नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में पहली टेस्ट सीरीज थी,जिन्होंने राहुल द्रविड़ से जिम्मेदारी ली।

### मैच से जुड़े रोचक फैक्ट

- भारत ने होम ग्राउंड पर लगातार 18वीं सीरीज जीती है। टीम को आखिरी हार 2012 में मिली थी।
- टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम रखा है। दोनों के बीच 15 मैच हो चुके हैं।

**जायसवाल टॉप स्कोरर रहे ।** यशस्वी जायसवाल सीरीज के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने दोनों पारियों में फिफ्टी जमाई। जायसवाल ने सीरीज में 47.25 के औसत से 189 रन बनाए।

**बुमराह-अश्विन टॉप विकेट टेकर ।** जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन सीरीज के टॉप विकेट टेकर्स में शामिल रहे। दोनों ने 11-11 विकेट चटकाए।

### 180 से भी कम ओवर फेंके गए

**टेस्ट** में आधिकारिक तौर पर एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 74.2 ओवर, भारत ने अपनी पहली पारी में 34.4 ओवर, बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 47 ओवर और भारत ने अपनी दूसरी पारी में 17.2 ओवर खेले। इन सभी को मिला दें तो लगभग 174 ओवर बनते हैं और यह दो दिन के कुल ओवरों (180) से भी कम है।

### यूजिनी की खूबसूरती देखने लायक

नई दिल्ली । कनाडा की टेनिस खिलाड़ी यूजिनी बुकॉर्ड की खूबसूरती भी देखने लायक है। वह कनाडा की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेनिस में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा किसी भी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाली वह कनाडा की पहली टेनिस हैं।



### भारत ने बांग्लादेश को हराकर सैफ अंडर-17 का खिताब जीता

**थिम्पू।** भारतीय फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के फाइनल में यहां बांग्लादेश को 2-0 से हराकर आयु वर्ग के इस टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर की मदद से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। आखिरी क्षणों (90+पांच मिनट) में मोहम्मद अरबाश ने गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना करने के साथ ही मैच में बांग्लादेश की वापसी के दरवाजे बंद कर दिए। भारत ने पिछले साल भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में बांग्लादेश को इसी अंतर से हराया था।

### एरिना सबालेंका का चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में विजय अभियान जारी



**बीजिंग।** तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता एरिना सबालेंका ने चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एश्लिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका का सामना अब अमेरिका की मेडिसन कीज से होगा, जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की नजरें अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 15 जीत की बराबरी करने पर होंगी। विश्व की पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने भी केटी वोलिनेट्स के खिलाफ 6-3, 6-2 की आसान जीत के साथ अंतिम-16 में जगह बनाइ, जहां उनकी भिड़ंत छठे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ से होगी। दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी अन्ना कालिन्स्काया 3-6, 6-3, 3-1 से आगे चल रही थी जब पीटन स्टर्न्स ने मैच से हटने का फैसला किया। वह अब यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा से भिड़ेंगी।

**कानपुर टेस्ट**

## भारत ने बांग्लादेश को 2-0 से हराकर टेस्ट सीरीज में किया 'क्लीन स्वीप'

# टीम इंडिया ने ड्रॉ टेस्ट को जीत में बदला




विजयी ट्रॉफी के साथ पोज देते भारतीय खिलाड़ी।

**एजेंसी, कानपुर**

रवींद्र जडेजा की अगुवाई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से बांग्लादेश की पारी को ध्वस्त करने के बाद भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सात विकेट से जीत दर्ज करके दो मैच की सीरीज में मेहमान टीम का 2-0 से सूपड़ा साफ किया।

पहले तीन दिन खराब मौसम और बारिश के कारण मात्र 35 ओवर का खेल हुआ था। तब ऐसा लग रहा था कि ये मैच ड्रॉ पर समाप्त होगा, लेकिन भारत ने चौथे और पांचवें दिन तेजतर्रार खेल दिखाकर इस ड्रॉ मैच को जीत लिया।

बांग्लादेश के 95 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के बीच तीसरे विकेट की 58 रन की साझेदारी की बदौलत 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 98 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकेट जल्दी गंवा दिए थे। इससे पहले भारत के लिए जडेजा, जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि आकाश दीप ने एक विकेट हासिल किया जिससे बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 47 ओवर में सिर्फ 146 रन पर सिमट गई।

भारत के विराट कोहली ने जल्द ही संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर शाकिब-अल-हसन को अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तोहफे में दिया। शाकिब भारत में एक लोकप्रिय क्रिकेटर हैं जिन्होंने 71 आईपीएल मैच खेले हैं। वह मुख्य रूप से कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए और कुछ मैच सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेले।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग

| रैंक टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक | जीत % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. भारत | 11 | 08 | 02 | 01 | 98 | 74.24 |
| 02. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 08 | 03 | 01 | 90 | 62.50 |
| 03. श्रीलंका | 09 | 05 | 04 | 00 | 60 | 55.56 |
| 04. इंग्लैंड | 16 | 08 | 07 | 01 | 81 | 42.19 |
| 05. द.अफ्रीका | 06 | 02 | 03 | 01 | 28 | 38.89 |
| 06. न्यूजीलैंड | 08 | 03 | 05 | 00 | 36 | 37.50 |
| 07. बांग्लादेश | 08 | 03 | 05 | 00 | 33 | 34.38 |
| 08. पाकिस्तान | 07 | 02 | 05 | 00 | 16 | 19.05 |
| 09. वेस्टइंडीज | 09 | 01 | 06 | 02 | 20 | 18.52 |

### स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश (पहली पारी) 233/10

भारत (पहली पारी) 285/09

| बांग्लादेश (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इस्लाम क. जायसवाल ब. आकाश | 50 | 101 | 1/0 |
| जाकिर पगबाधा ब. अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन ब. अश्विन | 04 | 09 | 1/0 |
| हक क. राहुल ब. अश्विन | 02 | 08 | 0/0 |
| शंटो ब. जडेजा | 19 | 37 | 2/0 |
| रहीम ब. बुमराह | 37 | 63 | 7/0 |
| लिट्टन क. पंत ब. जडेजा | 01 | 08 | 0/0 |
| शाकिब क. एंड ब. जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| मिराज क. पंत ब. बुमराह | 09 | 17 | 1/0 |
| तेजुल पगबाधा ब. बुमराह | 00 | 13 | 0/0 |
| खालिद (नाबाद) | 05 | 11 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 09 | | |
| कुल : (47 ओवर) | 146/10 | | |

विकेट पतन : 1-18, 2-26, 3-36, 4-91, 5-93, 6-94, 7-94, 8-118, 9-130, 10-146.

गेंदबाजी : बुमराह 10-5-17-3, अश्विन 15-3-50-3, आकाश 8-3-21-1, सिराज 4-0-19-0. जडेजा 10-2-34-3.

| भारत (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित क. हसन ब. मिराज | 08 | 07 | 1/0 |
| जायसवाल क. शाकिब ब. तेजुल | 51 | 45 | 8/1 |
| गिल पगबाधा ब. मिराज | 06 | 10 | 1/0 |
| कोहली (नाबाद) | 29 | 37 | 4/0 |
| पंत (नाबाद) | 04 | 05 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 09 | | |
| कुल : (17.2 ओवर) | 98/3 | | |

विकेट पतन : 1-18, 2-34, 3-92.

गेंदबाजी : मिराज 9-0-44-2, शाकिब 3-0-18-0, तेजुल 5.2-0-36-1.

## जब टीम की बात आती है तो जान लगा देती हूं : जेमिमा

**एजेंसी, दुबई**



फाइल फोटो

जेमिमा रोड्रिग्स का मानना है कि गुरुतिवार से यहां शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप में भारत के लिए पहला आईसीसी खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए सामंजस्य बैठाना और टीम को सबसे आगे रखने की मानसिकता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। महिला टी-20 विश्व कप 2020 के फाइनल में पहुंचने वाला भारत टूर्नामेंट के 9वें सत्र में चार अक्तूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले अभ्यास मैच में 52 रन बनाने वाली जेमिमा ने कहा, ''मेरे लिए यह सब परिस्थितियों का आकलन करने और स्थिति के अनुसार खेलने के बारे में है। मैं इसे सरल रखना चाहती हूं और टीम को जीतने में मदद करने के लिए जो कुछ भी करना हो वह करना चाहती हूं।''

उन्होंने कहा, ''जब मैं चीजों को उस परिदृश्य में देखती हूं तो यह मुझे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और प्रेरित करने में मदद करता है। मेरे लिए जब भी टीम की बात आती है तो मैं मैदान पर जाकर अपनी जान लगा देती हूं। इससे मैं और अधिक भावुक, ऊर्जावान और उत्साही हो जाती हूं। मैं चाहती हूं कि टीम इंडिया जीते। हम एक इकाई के रूप में, टीम इंडिया को जीतते हुए देखना चाहते हैं।'' मुंबई की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने गेंदबाज के रसूख की परवाह किए बिना स्थिति के अनुसार खेलने के महत्व पर जोर दिया। जेमिमा ने कहा, ''मेरे लिए यह विशिष्ट गेंदबाजों के बारे में नहीं है बल्कि स्थिति के अनुसार खेलने के बारे में है। गेंदबाजों के खराब दिन हो सकते हैं और एक बल्लेबाज के रूप में मुझे यह आकलन करने की आवश्यकता है कि किस गेंदबाज पर आक्रमण करना है और कब रुकना है। समझदारी से खेलने और टीम के लिए सबसे अच्छा करने से संतुष्टि मिलती है।''

आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत 2005 और 2017 में एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में भी पहुंचा, लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहा।

हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला अभ्यास मैच 20 रन से जीतकर अच्छी शुरुआत की। भारत 13 अक्तूबर को शारजाह में ग्रुप-ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा और जेमिमा ने कहा कि पूर्व चैंपियन के खिलाफ योजनाओं को लागू करना महत्वपूर्ण होगा।

उन्होंने कहा, ''मुझे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है क्योंकि आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। अगर आप जीतना चाहते हैं तो कोई दूसरा विकल्प नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में प्रतिद्वंद्विता काफी कड़ी रही है और यह हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।''

### देशपांडे का टखने का हुआ ऑपरेशन

**मुंबई ।** दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से बाहर रहने वाले भारत और मुंबई के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने लंदन में टखने का ऑपरेशन कराया। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में सर्जरी की जानकारी दी।

देशपांडे ने कहा, ''यह पोस्ट मेरे टखने की सर्जरी के बारे में अपडेट है जो कल हुई और बहुत अच्छी रही।'' उन्होंने कहा, ''यह बहुत राहत की बात है क्योंकि मैं काफी लंबे समय से इससे जूझ रहा था। मैं अपने परिवार, दोस्तों और अपने सभी प्रशंसकों का उनकी शुभकामनाओं, प्यार और भरोसे के लिए बहुत आभारी हूं।''

## शिविर में 40 संभावित हॉकी खिलाड़ियों का चयन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



फाइल फोटो

हॉकी इंडिया ने विश्व चैंपियन जर्मनी के खिलाफ इस महीने के आखिर में यहां होने वाली दो मैचों की सीरीज की तैयारी के लिए बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 40 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्तूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर 2 मैच खेले जाएंगे। शिविर एक से 19 अक्तूबर तक चलेगा।

भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता और चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखा।

**गोलकीपर ।** कृष्ण बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित

**डिफेंडर ।** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, अमनदीप लाकड़ा, नीलम संजीप सेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की, मनदीप मोर

**मिडफील्डर ।** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, एम रबिचंद्र सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, पूवन्ना सीबी

**फॉरवर्ड ।** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, आदित्य लालागे, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरमाको, एस कार्ति, मनिंदर सिंह, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह।

## पार्थ को दोहरी स्वर्णिम सफलता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पार्थ राकेश माने को दोहरी स्वर्णिम सफलता मिली जब उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक के अलावा पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए टीम स्वर्ण पदक भी जीता। व्यक्तिगत स्पर्धा के 24 शॉट के रोमांचक फाइनल में 16 वर्षीय पार्थ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 250.7 अंक हासिल किए और मौजूदा जूनियर एशियाई चैंपियन चीन के हुआंग लिवानलिन को 0.7 अंक से पछाड़ा।

अमेरिका के ब्रैंडेन पेसर ने कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन चौथे स्थान पर रहे जबकि गत दोहरे जूनियर विश्व चैंपियन रोमेन औफ्रेरे ने छठा स्थान हासिल किया।



लीमा जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत का दबदबा बरकरार

पार्थ के हमवतन और फॉर्म में चल रहे अजय मलिक तथा 15 वर्षीय अभिनव साव क्रमशः 5वें और 7वें स्थान पर रहे। अजय शूट ऑफ में लिंडग्रेन से हार गए। उनके 186.7 अंक रहे जबकि अभिनव ने 144.2 अंक हासिल किए। पार्थ ने अजय और अभिनव के साथ पुरुष टीम स्पर्धा जीती।

भारत को दिन का तीसरा स्वर्ण गौतमी भनोट, संभावी क्षीरसागर और अनुष्का ठाकुर की तिकड़ी ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का खिताब जीतकर दिलाया। भारत अब तक पांच स्वर्ण पदक के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष पर बना हुआ है।

**फुटबॉल**

## एएफसी चैंपियंस लीग में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दिलाई अल नसर को जीत

**एजेंसी, रियाद**



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया। पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे।

सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया, लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया।

मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।

### ईपीएल : बोर्नेमाउथ ने साउथम्पटन को हराया

**बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नेमाउथ ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में साउथम्पटन को 3-1 से हरा दिया। सत्र के छह मैच के बाद भी साउथम्पटन को पहली जीत की तलाश है और टीम एक अंक जुटाकर वोल्वरहैम्पटन के साथ संयुक्त रूप से आखिरी पायदान पर है। निचली लीग से ईपीएल में आने वाली साउथम्पटन की 1998 के बाद लीग में यह सबसे खराब शुरुआत है। बोर्नेमाउथ की ओर से एवनिलसन (17वें मिनट), डेंगो ओउआटारा (32वें मिनट) और एंटोनी सेमेन्यो (39वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। साउथम्पटन की ओर से एकमात्र गोल टेलर हारवुड बेलिस ने 51वें मिनट में किया।

### इंडियन ओपन अंडर-23

### अनिमेष कुजूर ने 200 मीटर में जीता गोल्ड



**पटना।** ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर ने इंडियन ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता के आखिरी दिन मीट रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर दौड़ का फाइनल अपने नाम किया। अनिमेष ने इससे पहले 100 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण जीता था। उन्हें इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट चुना गया।

उन्होंने 20.65 सेकंड के समय के साथ पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 2023 में बनाए गए 20.87 सेकंड के अपने पहले के मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। शनिवार को प्रतियोगिता के शुरुआती दिन 400 मीटर दौड़ में 53.53 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली गुजरात की देव्यानिबा झाला को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट चुना गया।

महाराष्ट्र की सुदेशना हनमंत शिवंकर 11.76 सेकंड के समय के साथ 100 मीटर दौड़ जीतकर सबसे तेज महिला एथलीट के रूप में उभरी।